卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 281 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦23 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# मोदी सरकार के बजट में युवाओं को बड़ी सौगात

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बजट पेश किया उन्होंने युवाओं और किसानों के लिए बड़े ऐलान किया। बजट पेश करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार 500 शीर्ष कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू करेगी। इसमें 5000 रुपये प्रति माह इंटर्नशिप भत्ता और 6000 रुपये की एकमुश्त सहायता दी जाएगी। केंद्रीय बजट 2024-25 में हर साल 25,000 छात्रों की मदद के लिए मॉडल कौशल ऋण योजना में संशोधन का प्रस्ताव है। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए ई-वाउचर हर साल 1



लाख छात्रों को सीधे ऋण राशि के 3% की वार्षिक ब्याज छूट के लिए दिए जाएंगे। महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की 100 से अधिक शाखाएं स्थापित की जाएंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि लगातार शानदार बनी हुई है। भारत की मुद्रास्फीति स्थिर बनी हुई है, जो 4% के लक्ष्य की ओर है. गरीब, युवा, महिला, किसान जैसे प्रमुख वर्गों पर ध्यान देने की कोशिश है। रोजगार, कौशल, एमएसएमई, मध्यम वर्ग पर निरंतर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोजगार और कौशल प्रशिक्षण से जुड़ी 5 योजनाओं के लिए 2 लाख करोड़ रुपए का बजट है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार की नौ प्राथमिकताओं में से एक है रोजगार और कौशल विकास। इसके तहत पहली बार नौकरी करने वालों को बड़ी मदद मिलने जा रही है। फॉर्मल (शेष पृष्ठ सात पर)

## मध्यम वर्ग और आयकर दाताओं को राहत

नई दिल्ली। बजट में मोदी सरकार ने मिडिल क्लास और आयकर दाताओं को बड़ी राहत दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने टैक्सपेयर्स के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट 50 हजार रुपये बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया है। इसके साथ ही नये टैक्स स्लैब में एक बार फिर बदलाव किया गया है। इस बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पुरानी टैक्स रिजीम में बेसिक एग्जेमप्शन लिमिट नहीं बढ़ाई। साथ ही टैक्स रेट में भी किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऐसे में पुरानी टैक्स रिजीम चुनने वालों को स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ने का भी फायदा नहीं मिलेगा। यानी जो भी बदलाव हुआ है, उसका लाभ न्यू टैक्स स्लैब चुनने वालों को मिलेगा। दरअसल, नौकरीपेशा लोगों को उम्मीद थी कि वित्त मंत्री इस बार बजट में इनकम टैक्स में राहत दे सकती हैं। वित्त मंत्री ने इस बार निराश नहीं किया है। सरकार ने स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ाकर और न्यू टैक्स रिजीम में बदवाल कर दिया है। वित्त मंत्री का कहना है कि न्यू टैक्स (शेष पृष्ठ 7पर)

## ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 15 लाख रूपये की ठगी

सितारगंज(उद संवाददाता)।ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ग्रामीण से 15 लाख की ठगी की गई है। आरोपियों ने पैसे लेकर युवक को दूसरे देश में भेज दिया। युवक के पिता ने कर्ज लेकर आरोपियों को 15 लख रुपए दिए थे। जिसकी प्रति माह वह 25 हजार की किस्त भी चुका रहे हैं। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम भिटौरा निवासी अहमद फराज खान पुत्र सफी अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी असर खान उर्फ आंसू पुत्र मोहम्मद असलम निवासी पंडरी खेड़ा सितारगंज के साथ जान पहचान थी। आरोपी ने उसे विदेश भेजने का झांसा दिया। इसके बाद आरोपी ने उसे रिचा पांडे पुत्री उमेश पांडे, सरिता पांडे पत्नी उमेश पांडेय, उमेश पांडे, गौरव यादव पुत्र विष्णु दयाल यादव निवासी बेस्ट पटेल नगर दिल्ली से मुलाकात कराई। इस मुलाकात में आरोपियों ने ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 15 लख रुपए में सौदा तय किया। उसका वीजा लगवाना तय हुआ। आंसू के कहने पर 7 जनवरी को उसने रिचा पांडे के खाते में दो लाख , 12 जनवरी को 3 लाख, रिचा पांडे के खाते में करीब एक लाख रुपए, (शेष पृष्ठ सात पर)

## व्यापार मण्डल चुनाव रोकने के खिलाफ बेमियादी धरने पर बैठे बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव स्थगित करने के विरोध में विधायक तिलक राज बेहड़ तमाम व्यापारियों के साथ उप जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष बेमियादी धरने पर बैठ गये। इस दौरान प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गयी।नगर व्यापार मंडल के चुनाव को निर्धारित समय पर संपन्न कराने की मांग को कर लेकर क्षेत्रीय विधायक बेहड़ ने उप जिला अधिकारी कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरने की घोषणा करते हुए धरना प्रारंभ कर दिया। सैकड़ों की तादाद में व्यापारी एवं



विधायक समर्थक उप जिलाधिकारी कार्यालय के सम्मुख बैठ गए। उल्लेखनीय है कि नगर व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की निवर्तमान इकाई चुनाव का विरोध कर रही थी तथा चुनाव सुचारू कराए जाने की मांग के साथ ही चुनाव समिति पर अवैध बोटर लिस्ट तैयार करने का आरोप लगा रही थी जिसकी शिकायत पर उपनिबंध कार्यालय हल्द्वानी से की गई थी। जिस पर उपनिबंधक कार्यालय से विवाद के निस्तारण हेतु उप जिलाधिकारी हल्द्वानी को अधिकृत कर दिया गया। साथ ही यह आदेश भी दिया गया था कि जब तक विवाद का निस्तारण नहीं किया जाता तब तक चुनाव प्रक्रिया स्थगित रहेगी। जिस पर देर रात्रि एसडीएम किच्छा द्वारा विवाद के निस्तारण तक चुनाव (शेष पृष्ठ 7 पर)

## सड़क चौड़ीकरण के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में तमाम लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी उदय राज सिंह को ज्ञापन सोंपा। डीएम को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि एन.एच. 74 रुद्रपुर-किच्छा के मध्य बगवाड़ा स्थित गल्ला मण्डी के सामने बगवाड़ा दक्षचौक (खेड़ा-गंगापुर रोड) तीन पानी डाम होते हुये सिड्ख्कुल तक लम्बाई लगभग 3 किमी० मार्ग अत्यधिक संकरा है इस मार्ग मिनी



बाईपास भी कहा जाता है। इस मार्ग के साथ साथ तीन पानी डाम से बगवाड़ा नहर भी है। इस मार्ग पर कुछ शिक्षण संस्थायें तथा अनेक(शेष पृष्ठ सात पर)

## देहरादून की राज्य कर टीम के आने से हड़कम्प

### टीम ने एक प्रतिष्ठान के कारोबार का किया सर्वे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: देहरादून से आई राज्य कर विभाग की इंटेलीजेंस टीम ने यहां श्याम टाकीज रोड़ पर स्थित एक प्रतिष्ठान में औचक निरीक्षण कर हो रहे कारोबार के बारे में प्रतिष्ठान स्वामी से आवश्यक जानकारी ली। टीम के यहां पहुंचने की जानकारी मिलते ही नगर के व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय




जुनेजा आदि ने प्रतिष्ठान पहुंचकर टीम के अधिकारियों से बातचीत की। बताया जाता है कि प्रतिष्ठान मां वैष्णों ट्रेडर्स के स्वामी द्वारा रजिस्टर्ड दो नाम से फर्म संचालित की जा रही है और नियमानुसार सरकार को करों की अदायगी भी की जा रही है। संचालित की जा रही दो फर्मों में प्रतिष्ठान स्वामी द्वारा स्वास्थ्य सही न रहने के कारण एक फर्म से कारोबार कम कर दिया गया। जिस कारण इस फर्म से दिये जाने वाले कर में भी कमी आ गई। जिसका संज्ञान (शेष पृष्ठ सात पर)

## शक्ति विहार कालोनी में प्लॉट बेचने के नाम पर हुआ फर्जीवाड़ा: अरविंद

### किशोर शर्मा साथियों के साथ मिलकर बेच रहे है उनकी जमीन, कालोनी की नक्शे के अनुसार नाप जोख की मांग

रूद्रपुर। अटरिया रोड़ स्थित शक्ति विहार कालोनी में कुछ लोगों को प्लॉट बेचने के नाम पर भारी फर्जीवाड़ा किया गया है। जिस सन्दर्भ में न्यायालय में बाद दाखिल कर दिया गया है। प्लॉट बेचने वालों ने सिद्धपीठ प्राचीन अटरिया मंदिर की महंत पुष्पा देवी की जमीन पर भी कब्जा कर लिया हैं। पत्रकारों से बातचीत करते प्राचीन अटरिया मंदिर के पंड़ित अरविंद शर्मा ने बताया कि शक्ति विहार निवासी कुछ लोग उनकी माता महंत पुष्पा देवी की भूमि पर कब्जा कर लोगों को धोखा देकर उसे बेचकर निर्माण करा रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ पुख्ता सबूतों के साथ न्यायालय में वाद दायर करने के बाद न्यायालय के आदेश पर निर्माण कार्य रूकवा दिया गया। उन्होंने बताया कि भूमि बेचने वालों की एवं उनकी माता की भूमि की तीन तरफ से सीमायें लगती हैं। उक्त सभी सह खातेदारी में पट्टे सरकार द्वारा दिये गये थे। उन्होंने बताया कि तहसील रिकार्ड में उपलब्ध भूमि के नक्शे के अनुसार उनकी भूमि पर उनका कब्जा है लेकिन शक्ति विहार के किशोर शर्मा ने अनेक लोगों को गुमराह कर उनकी भूमि को बेचकर गलत रजिस्ट्री करवाई हैं। जिसकी जांच कराया जाना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को प्लॉट बेचे गये हैं उनमें अनेंक लोगों को यह भी




पता नहीं है कि जिस भूमि पर उन्होंने मकान बनाया है क्या वास्तव में यह वही भूमि है जिसकी रजिस्ट्री की गई है। पं. शर्मा ने बताया कि जो व्यक्ति उन्हें आपराधिक प्रवृति का होना बता रहा है,वह खुद भी कितना बढ़ा आरोपी था। उन्होंने कहा कि वह चाहते है कि सम्पूर्ण भूमि की प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में नक्शे के अनुसार नाप जोख की जाये। जिसके बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। पं. शर्मा ने बताया उनके साथ अन्याय हो रहा है न्याय के लिए ही उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्हें पूरा भरोसा है कि न्यायालय से उन्हें न्याय मिलेगा। श्री शर्मा ने आरोप लगाया कि उपरोक्त फर्जीवाड़े के पीछे किशोर शर्मा और उनके साथी लोग है। उनकी भूमि पर बन रहे मकान पर माननीय न्यायालय द्वारा रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण भूमि की प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में नक्शे के अनुसार नाप जोख हो जाने के बाद शक्ति बिहार कालोनी में हुये फर्जीवाड़े की पूरी कहानी सबके सामने आ जायेगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग आम लोगों की खून पसीने की कमाई हड़पने में जुटे हुये है जिसका वह विरोध करते है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त कालोनी में प्लाट लेने से पहले सम्बंधित प्लाट के सभी कागजात की जांच कराये जाने के बाद ही कोई व्यक्ति वहां प्लाट ले ताकि वह अपनी मेहनत की कमाई को डूबने से बचा सके। उन्होंने कहा कि वह उक्त कालोनी में हुये फर्जीवाड़े को लेकर लम्बी कानूनी लड़ाई लड़ेगे ताकि उनका हक उन्हे मिल सके।

# देह व्यापार का भंडाफोड़: तीन महिलाओं सहित नौ गिरफ्तार

## आजादनगर के एक मकान में चल रहा था धंधा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एंट्री ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और पुलिस ने देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन महिलाएं समेत 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया जबकि पांच महिलाओं का रेस्क्यू कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पकड़े गए आरोपितों के पास से 6500 रुपये की नकदी, मोबाइल और आपत्तिजनक सामान भी बरामद हुआ है। बाद में सभी आरोपितों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक मकान में अनैतिक देह व्यापार चल रहा है। इस सूचना पर रविवार रात को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी जीतो कंबोज के नेतृत्व महिला कांस्टेबल ममता मेहरा, प्रियंका कोरंगा, प्रियंका आर्या, राकेश खेतवाल आदि पुलिस कर्मी आजाद नगर के एक मकान में छापा मारा। कमरे में दो-तीन महिलाएं बरामदे में लगी चारपाई पर बैठी थी जो पुलिस को देखकर भागने लगी। एसपी सिटी ने बताया कि उक्त महिलाओं को पुलिस ने पकड़ लिया। इसके बाद टीम ने अंदर कमरों में छापा मारा तो तीन महिलाएं और चार पुरुष कमरे में छिपकर बैठे मिले। इस पर पुलिस टीम ने चारों पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सामियावाली अमृतसर पंजाब निवासी अर्शदीप पुत्र अमरीक सिंह, ग्राम नवादा सिक्का इज्जत नगर बरेली निवासी राजेश कुमार यादव पुत्र बिरम सिंह यादव, भांगला थाना मुनि की रेती टिहरी गढ़वाल और हाल गोरा पड़ाव हल्द्वानी निवासी हरीश गैरोला पुत्र गुरु प्रसाद और मूलरूप से कुलडिया बरेली और हाल ट्रांजिट कैंप कृष्णा कालोनी निवासी मोहन लाल पुत्र राम दयाल को गिरफ्तार कर लिया। दूसरा कमरा चेक किया गया तो एक पुरुष व एक महिला आपत्तिजनक अवस्था में मिले। जिस पर उन्हें भी पकड़ लिया गया। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नामरामपुर पठानकोट पंजाब निवासी हरीश कुमार पुत्र दर्शन कुमार बताया। इसके अलावा रसोई घर में भी एक महिला व पुरुष आपत्तिजनक स्थिति में मिले। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम ग्राम पूरोवाल थाना जोड़ सितरा गुरदासपुर पंजाब निवासी नरेंद्र पुत्र प्रेम कुमार बताया। बाद में पुलिस ने पकड़े गए नरेंद्र कुमार, हरीश कुमार, अर्शदीप सिंह, राजेश कुमार यादव, हरीश गैरोला व मोहन लाल के साथ ही महिलाओं के खिलाफ धारा 3/4/5/6 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि सभी को कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया।



# राज्य में हेल्थ सेक्टर और कौशल विकास के लिए कार्य करेगा टाटा ट्रस्ट

## हर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार की जाएगी : सीएस

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में टाटा ट्रस्ट के साथ बैठक में जानकारी दी कि उत्तराखण्ड सरकार के साथ मिलकर टाटा ट्रस्ट राज्य में हेल्थ केयर सेक्टर, टेलीमेडिसिन, महिलाओं व बच्चों के कुपोषण से बचाव, युवाओं के कौशल विकास, बालिकाओं की शिक्षा, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, आंगनबाड़ी वर्कर्स के क्षमता विकास व प्रशिक्षण, स्मार्ट क्लासेज, ग्रामीण आजीविका, पलायन, वाइब्रेंट विलेज, मानसिक स्वास्थ्य व नशा मुक्ति जैसे क्षेत्रों में कार्य करेगा। सीएस श्रीमती रतूड़ी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की विभिन्न क्षेत्रों हेतु योजनाओं की समीक्षा कर गैप एनालिसिस किया जाए। ताकि टाटा ट्रस्ट द्वारा इस गैप फीलिंग के लिए कार्य किया जा सके। उन्होंने टाटा ट्रस्ट द्वारा टेलीमेडिसिन के क्षेत्र में कार्य किए जाने हेतु सहमति पर निर्देश दिए कि इसके लिए सबसे पहले पर्वतीय जनपदों व ब्लॉक को चिन्हित किया जाए। इसके साथ ही उत्तराखण्ड के प्रत्येक जनपद के हेल्थ एनालिसिस की बात कही गई। जिसके तहत प्रत्येक जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं, बुनियादी चिकित्सा ढांचे, स्टाफ, प्रशिक्षण आदि की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। मैकेंजी के माध्यम से राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र का आंकलन करने के भी निर्देश दिए गए। टाटा ट्रस्ट द्वारा राज्य में हेल्थ रिकॉर्ड की डिजिटलाइजेशन में सहयोग पर सहमति दी गई। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने टाटा ट्रस्ट से राज्य के दूरस्थ स्थानों में रह रही आबादी को आधुनिकतम स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाकर प्राइमरी व सेकेण्डरी हेल्थ केयर सेवाओं की मजबूती के लिए कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने महिलाओं व बच्चों को कुपोषण व एनीमिया से बचाने के लिए, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा को मजबूत कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, उच्च शिक्षा के बाद महिलाओं की कार्यबल में हिस्सेदारी बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों विशेषकर सीमांत गांवों से पलायन रोकने हेतु ग्रामीण आजीविका की कार्ययोजना पर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान टाटा ट्रस्ट द्वारा राज्य के 13 जिलों की कमजोर सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि वाली 13 टॉपर बालिकाओं को आर्थिक अनुदान की कार्ययोजना की बात कही गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, सचिव श्री आर मीनाक्षी सुन्दरम, टाटा ट्रस्ट के सीईओ श्री सिद्धार्थ शर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं टाटा ट्रस्ट की टीम मौजूद रही।

# आंगन में खेल रही बच्ची को उठा ले गया गुलदार,शव बरामद

घनसाली। टिहरी में घर के आंगन में खेल रही नौ साल की बच्ची को गुलदार ने निवाला बना लिया। घटना के तीन घंटे बाद घर से लगभग 30 मीटर दूरी पर झाड़ियां के बीच बच्ची का आधा खाया हुआ शव बरामद किया गया है। इस घटना के बाद गांव में कोहराम मचा हुआ है। हिंदाव पट्टी के भौड गांव निवासी रूकम सिंह की नौ वर्ष की बेटी पूनम स्कूल से आने के बाद घर के आंगन पर अकेले ही खेल रही थी। उसके तीन अन्य भाई बहन घर के अंदर थे। बच्चों की मां उषा देवी शिवालय में जलाभिषेक करने गई हुई थी। शाम चार बजे के लगभग मां मंदिर से वापस घर लौटी तो पूनम घर पर नहीं मिली। जबकि पूनम की बड़ी बहन प्रियंका, छोटा भाई प्रिंस और आराध्या कमरे में सो रखे थे। मां ने आसपास ढूंढ खोज की तो पूनम का कहीं पता नहीं चल पाया। आसपास के अन्य लोगों ने भी ढूंढ खोज शुरू की तो घर से कुछ दूरी पर रास्ते में पूनम की चप्पल और खून के धब्बे मिले। शाम छह के लगभग पूनम का शव घर से लगभग 30 मीटर दूरी पर झाड़ियां के बीच पड़ा हुआ मिला। गांव के विक्रम सिंह घणाता ने बताया कि पूनम गांव के स्कूल में कक्षा चार में पढ़ती थी। उसके पिता विदेशी होटल में नौकरी करते हैं। रेंजर आशीष नौटियाल ने बताया कि बच्ची को निवाला बनाने की सूचना मिलने पर विभाग की टीम गांव में पहुंच गई। गुलदार को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगाया जा रहा है और उसकी लोकेशन ट्रेस करने के लिए ट्रैप कैमरे भी लगाए जा रहे हैं।



# चीन जाएंगे उत्तराखंड के चार खिलाड़ी

देहरादून। चीन के चेंग्दू शहर में आयोजित होने वाली जूनियर एशियन बैडमिंटन चौंपियनशिप (एबीसी) में उत्तराखंड के चार खिलाड़ी देश का प्रतिनधित्व करेंगे। इसमें दो खिलाड़ी आन्या बिष्ट व अभिनव कंडारी देहरादून और दो खिलाड़ी एंजेल पुनेरा व योगेश सिंह कुमाऊं के शामिल हैं। दून के सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल की शटलर आन्या व एंजेल प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग में अपना हुनर दिखाएंगी। जबकि बालक वर्ग में अंडर-17 में अभिनव कंडारी युगल प्रतिस्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक विपिन बलूनी ने बताया, बंगलूरू में 18 से 21 जुलाई तक जूनियर एबीसी के लिए भारतीय टीम का चयन किया गया। जूनियर एशियन बैडमिंटन चौंपियनशिप चेंग्दू में 20 से 25 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। आन्या का चयन बालिका वर्ग अंडर-17 के डबल्स के लिए किया गया गया है। जबकि पिथौरागढ़ की एंजेल पुनेरा के साथ युगल प्रतिस्पर्धा में भी भाग लेंगी। बालक वर्ग में अभिनव व योगेश अंडर-17 के युगल टीम के लिए चयनित हुए हैं। वहीं, आन्या बिष्ट के पिता विजय बिष्ट ने उम्मीद जताते हुए कहा, इस बार बेटी देश के लिए पदक जीत प्रदेश का नाम रोशन करेगी। वहीं, अभिनव कंडारी की मां रेणुका ने बताया, अभिनव छठी कक्षा से ही बैडमिंटन खेल रहे हैं। उसने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक हासिल किए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि एबीसी में अभिनव पदक हासिल करेंगे।

# तीन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी

देहरादून। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों के साथ कुछ मैदानी इलाकों में मंगलवार को भारी से भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से खासकर चम्पावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर के साथ पौड़ी, पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा जिले में भारी से भारी बारिश का रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, अन्य जिलों में भी कई दौर की तेज बारिश होने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने हिदायत देते हुए कहा, बारिश के दौरान अनावश्यक रूप से यात्रा करने से बचें। साथ ही भूस्खलन और संवेदनशील इलाकों में दिन के साथ रात के समय भी अधिक सतर्कता बरतें। इसके अलावा खुले स्थान पर वाहन और मवेशियों को न रखें। मौसम विज्ञान केंद्र और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी भारी से भारी बारिश की चेतावनी को ध्यान में रखते मंगलवार को जिले में सभी आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालय बंद रहेंगे। जिलाधिकारी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि भारी बारिश के दौरान बच्चों की सुरक्षा और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए 23 जुलाई को शिक्षण संस्थानों को बंद रखा जाए। वहीं, चंपावत और पिथौरागढ़ में भी स्कूल बंद रहेंगे।

# केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर बढ़ाई सुरक्षा

रूद्रप्रयाग। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर रविवार को तीन यात्रियों की मौत के बाद प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शाम पांच बजे से अगले दिन सूर्योदय तक पैदल मार्ग पर यात्रा पर पूरी तरह रोक लगा दी है। वहीं तेज बारिश होने पर दिन में भी यात्रा का संचालन नहीं होगा। यात्रियों की सुरक्षा के लिए पैदल मार्ग के सभी संवेदनशील स्थानों पर जवान तैनात किए गए हैं। सोमवार को दोपहर 2 बजे तक सोनप्रयाग से 2147 श्रद्धालुओं ने धाम के लिए प्रस्थान किया। उप जिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने केदारनाथ आने वाले श्रद्धालुओं से मौसम की जानकारी लेकर ही यात्रा पर आने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आए दिन हो रही बारिश से रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे और गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर जगह-जगह पत्थर व मलबा गिर रहे हैं, जिससे जानमाल का खतरा बना है। कह, केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा, गौरीकुंड व लिनचोली आदि स्थानों में स्थिति काफी संवेदनशील बनी है। ऐसे में मौसम और पैदल मार्ग की स्थित को देखते हुए शाम पांच बजे से अगले दिन सुबह सूर्योदय तक पैदल मार्ग पर यात्रा प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से सतर्कता के साथ यात्रा करने की अपील की है।

# हॉस्पिटल में भर्ती डॉक्टर मरीजों का ट्रीटमेंट कर बने मसीहा

## बीमार होने के बाबजूद इमरजेंसी मरीजों को लिख रहे दवाएं

( हनीफ बाबा )

सितारगंज। यूं ही नहीं डॉक्टर को भगवान का रूप कहा जाता है। ऐसे कई उदाहरण है कि मृत शरीर तक में डॉक्टर जान फूंक देते है। उनके इसी प्रयास, कर्तव्य, परिश्रम उन्हें ईश्वर के बाद दूसरा सम्मान दिलाता है। ऐसे ही सराहनीय पहल में जुड़े सरकारी अस्पताल में तैनात डॉक्टर लक्ष्मण सिंह बृजवाल ने हॉस्पिटल में भर्ती होने के बाबजूद मंगलवार की तड़के तक करीब 40 ओपीडी, इमरजेंसी मरीजों का ट्रीटमेंट कर कारवां को आगे बढ़ाया है। जिसकी हर तरफ प्रशंसा हो रही है। सरकारी अस्पताल में इस वक्त कई डाक्टर तैनात हैं। इन डॉक्टरों की तैनाती के बाद सरकारी अस्पताल में मरीजों की संख्या चार गुना बढ़ गई है। अस्पताल में तैनाद विशेषज्ञ डॉक्टर मरीज का ट्रीटमेंट कर सेवाएं दे रहे है। इनमें से एक डॉक्टर लक्ष्मण सिंह बृजवाल स्वास्थ्य सेवाएं देने के मामले में चर्चाओं में है।



डॉ लक्ष्मण सिंह बृजवाल हाल ही में बीमार हो गए थे। जिससे उन्हें शारीरिक रूप से काफी कमजोरी होने लगी। इस दौरान उन्हें उन्हीं के अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। डॉक्टर लक्ष्मण सिंह का उपचार बेड रेस्ट के आधार पर शुरू हुआ। लेकिन उन्होंने बेड रेस्ट के साथ ही दवा लेने आए मरीज का भी बीमारी की हालत में ट्रीटमेंट किया। उन्होंने कई मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने के बाबजूद दवाई लिखकर चिकित्सा के पेशे को और अधिक बुलंदियों पर पहुंचाने का प्रयास किया। उनके इस सराहनीय कार्य की हर तरफ प्रशंसा हो रही है। सरकारी अस्पताल में तैनात एवं वर्तमान में हॉस्पिटल में बीमारी के कारण भर्ती हुए डॉक्टर लक्ष्मण सिंह बृजवाल ने बताया कि सोमवार से मंगलवार तड़के तक उन्होंने अस्पताल में पहुंचने वाले ओपीडी और इमरजेंसी के करीब 40 मरीजों को दवा लिखकर ट्रीटमेंट किया।

# रुड़की और काशीपुर में बनीं पांच दवाईयों के सैंपल फेल

देहरादून। प्रदेश के रुड़की व काशीपुर में बनीं पांच दवाइयों के सैंपल केंद्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की जांच में फेल पाए गए। सीडीएसओ की रिपोर्ट पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने दवा बनाने वाली कंपनियों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। साथ ही जांच में फेल पाए गए दवाइयों को बाजार से वापस मंगवाया जा रहा है। केंद्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन की ओर से देश में बन रही दवाइयों की गुणवत्ता की लगातार निगरानी की जा रही है। केंद्रीय टीम गुणवत्ता जांच के लिए दवाइयों के सैंपल ले रही है। उत्तराखंड भी फार्मा विनिर्माण का बड़ा हब है। देश में निर्मित दवाइयों में उत्तराखंड का 20 से 25 फीसदी योगदान है। यहां से कई दवाइयां निर्यात की जाती है। केंद्रीय दवा मानक नियंत्रक संगठन ने जून माह की जांच रिपोर्ट जारी की है। जिसमें देशभर में निर्मित 31 दवाइयों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं मिली। इनमें उत्तराखंड में निर्मित पांच दवाएं भी शामिल हैं। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अपर आयुक्त एवं औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह ने बताया कि दवाइयों की गुणवत्ता जांच के लिए सीडीएसओ के माध्यम से सैंपलिंग की जाती है। सीडीएसओ की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित कंपनियों के उत्पाद लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की गई। पिछले चार माह उत्तराखंड में निर्मित 35 दवाओं के सैंपल फेल पाए गए। जिनके खिलाफ विभाग ने कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि स्काइमेप फार्मास्यूटिकल्स रुड़की की एसोप्रैजोल टैबलेट, फ्रान्सिस रेमेडीज रुड़की की रैनिटीडीन टैबलेट, ओमेगा फार्मा रुड़की ट्रेनेक्जामिक एसिड टैबलेट, एग्रोन रेमेडीज काशीपुर की पैंटोप्राजोल टैबलेट और एप्पल फार्म्युलेशन रुड़की की एटोरिकाक्सीब टैबलेट के सैंपल जांच में फेल पाए गए।

# संस्कार भारती की नई कार्यकारिणी घोषित

## कुशल अग्रवाल अध्यक्ष,सुनील महामंत्री और विमला रानी कोषाध्यक्ष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।संस्कार भारती रुद्रपुर महानगर की साधारण सभा की बैठक सिटी क्लब रुद्रपुर में आयोजित की गई जिसमें नवीन दायित्व की घोषणा प्रांतीय अधिकारियों ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष हल्दीराम प्लांट हेड रंजीत रवि ,मुख्य अतिथि प्रोफेसर रामजी मौर्य, जिला संघ चालक अशोक जायसवाल,प्रांतीय मंत्री विमल मेहरा, प्रांतीय संपर्क प्रमुख युगराज रघुवंशी एवं इकाई के नगर अध्यक्ष कुशल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां भारती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। निवर्तमान महामंत्री शैली बंसल ने इकाई के गत वर्ष की कार्यक्रमों,उपलब्धियों को तथा निवर्तमान कोषाध्यक्ष श्याम मोहन कांडपाल ने आय व्यय का विवरण सभा के सामने रखा।प्रांत प्रतिनिधि प्रांत संपर्क प्रमुख युगराज रघुवंशी जी ने संस्कार भारती के भारतीय कला और साहित्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे अनुकरणीय कार्यों को सदन के सामने रख कर संस्कार भारती के महत्व को दर्शित किया।संघ चालक अशोक जायसवाल ने नगर में किए जा रहे संस्कार छम कार्यक्रमों के माध्यम से



समाज में सद्गुणों को विकास करने वाली संस्था के रूप में उल्लेखित किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर राम जी मौर्य ने आज के समय में संस्कार विहीन परिवारों को संस्कार भारती द्वारा किए जा रहे संस्कार के क्षेत्र कार्यक्रमों को उल्लेखित किया। नव गठित नगर इकाई के दायित्वों की घोषणा प्रांतीय मंत्री विमल मेहरा ने की। कुशल अग्रवाल नगर अध्यक्ष,महामंत्री सुनील शुक्ला और कोषाध्यक्ष विमला रानी के नाम की घोषणा होते ही सभी ने तीनों को तिलक लगाकर, फूल माला व पटके पहना कर ऊर्जावान टीम बताकर करतल ध्वनि से स्वागत किया। रश्मि रस्तोगी और विजय अग्रवाल का नए संरक्षक सदस्य के रूप में गर्म जोशी से स्वागत हुआ।दीप्ति जी को सह महामंत्री ,दीपक कटारिया को सह कोषाध्यक्ष,नीरज अग्रवाल को आय व्यय निरीक्षक,शालिनी गोयल का उपाध्यक्ष महिला बनाया गया। तथा तिलक लगाकर फूल माला पहनकर स्वागत सम्मान किया गया' इस अवसर पर 'संरक्षक मंडल में संरक्षक राजेश श्यामपुरिया, कैलाश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल राजकुमार बिंदल ,सुषमा अग्रवाल, अशोक मित्तल चौधरी विनोद फोगाट, अरुण अग्रवाल, महानगर इकाई के उपाध्यक्ष हरवीर चौधरी, पूर्व मंत्री शैली बंसल पूर्व कोषाध्यक्ष श्याम मोहन कांडपाल, मातृशक्ति संयोजक दीपा जोशी प्रिंट मीडिया प्रभारी अशोक सागर ,मार्गदर्शक ताराचंद अग्रवाल और कमलेश बिष्ट बहन तथा पूर्व कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल पूर्व कोषाध्यक्ष नरेंद्र बंसल पूर्व उपाध्यक्ष शालिनी बोरा समाजसेवी उषा नरेंद्र जैन, केडीआरएम के डायरेक्टर अतुल रस्तोगी अक्षय गहलोत ,प्रमोद यादव ,आयुषी मेहरा, अर्चिका मेहरा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दूधनाथ मिश्रा के निधन पर शोक व्यक्त किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन उधम सिंह नगर की एक शोक सभा जिला बार के अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय की अध्यक्षता तथा सचिव सर्वेश कुमार सिंह के संचालन में जिला बार कार्यालय में आहुत की गई। जिसमें जिला बार के सदस्य जय महाशक्ति मिश्रा के परमपूज्य पिताजी लोकतंत्र सेनानी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी (आश्रित) दूधनाथ मिश्रा के हृदयाघात के कारण आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा परमपिता परमेश्वर से दुखित परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। शोकसभा के दौरान जिला बार एसो. अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय ने कहा कि स्व. दूधनाथ मिश्रा ने किसानों के हित में कार्य किया तथा किसानों की समस्याओं को राजनैतिक स्तर पर बेवाकी से उठाया। आजादी के समय उन्हें जेल भी जाना पड़ा। उनके निधन से किसानों के हित में क्षति हुई है जिसकी भरपाई करना संभव नहीं है। उनका स्वभाव सरल एवं सहज था। शोकसभा में अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय, सचिव सर्वेश कुमार सिंह, उप सचिव विकास तिवारी, उपाध्यक्ष कृष्णचन्द्र, कोषाध्यक्ष पावेल कठायत, लेखा परीक्षक आशीष त्रिपाठी, पुस्तकालय अध्यक्ष गौरव मिढ्ढा और कार्यकारिणी सदस्य अमित छावड़ा, अखिलेश कुशवाहा, संजीत बढ़ई, जेपी गंगवार, परविन्दर सिंह, सुरेन्द्र गिरधर, गुरबाज सिंह,जावेद आलम, डीएन जायसवाल, एमपी तिवारी, खड़क सिंह, शाहिद हुसैन, महेश बब्बर, शिव कुंवर सिंह, पुनीत कुमार, सर्वजीत सिंह, सुशीला मेहता, सीपी जोशी. सुधीर सिंह, ज्योति जीना, उमा गक्खर आदि मौजूद थे।

# तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदय राज सिंह की अध्यक्षता नगर पालिका के कम्युनिटी हॉल में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादियों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं उठाई। जिलाधिकारी ने समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। शिविर का संचालन उप जिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्रा ने किया। शिविर में 100 से अधिक विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं दर्ज की गई जिनका निस्तारण मौके पर हो सकता था उनका निस्तारण किया गया और अन्य को विभागों पर हस्तांतरित कर दिया गया। बहुद्देशीय शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारियां भी दी गयी। साथ ही कई योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए फार्म भी भरे गये। समाचार लिखे जाने तक शिविर जारी था। शिविर में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप जिलाधि कारी कौस्तुभ मिश्रा, तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी सहित लगभग 70 से अधिक विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।






# प्राचीन शिव मंदिर में विशाल भंडारा आयोजित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।करतारपुर रोड सुआनगला में प्राचीन श्री मोटा महादेव शिव मंदिर में सावन के पहले सोमवार पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी प्राचीन श्री मोटा महादेव शिव मंदिर में पहुंच कर सावन के पहले सोमवार को जलाभिषेक और पूजा अर्चना की तथा भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि अपनी संस्कृतिक को संजाये रखना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि धर्म की राह पर चलने वाला हर चुनौती को पार कर जाता है। उन्होंने मंदिर में भंडारे के आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की और मंदिर में होने वाले कार्यक्रमों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान बंटी कोली ,ललित बिष्ट, विशाल मेहरा आदि भी मौजूद थे।



# अग्रवाल युवा संगठन की नई कार्यकारिणी गठित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्रवाल युवा संगठन की बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में अध्यक्ष श्रीओम अग्रवाल, महामंत्री अनुज अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष मुकुल मित्तल चुने गये। इस दौरान बैठक में मौजूद सभी लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का आश्वासन दिया। उन्होनें कहा कि सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में संगठन बढ़ चढ़कर भागीदारी करेगा।



# हत्या के आरोप में सगे भाइयों समेत चार को किया नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। दुस्साहसिक तरीके से की गई हत्या के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर सगे भाइयों समेत चार लोगों के खिलाफ संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी की प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम बड़ापुरा, मजरापुरी, जनपद मुरादाबाद , उत्तर प्रदेश निवासी किरनवती पत्नी स्वर्गीय रामपाल ने बताया कि बीते 1 मई को बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी में उपरोक्त मोहल्ला निवासी भूपेंद्र सिंह पुत्र स्वराज यही के होराम तथा ग्राम बढापुर मजरापुरी थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी अशोक सिंह व हरि सिंह पुत्रगंण करन सिंह ने आपस में एक राय होकर उसके पति को मौत के घाट उतार दिया। घटना के लगभग दो माह बाद पुलिस ने मृतक के पत्नी की तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी चारों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की प्रयास शुरू कर दिए।

**किराये हेतु**

- 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 बीएचके और 3 बीएचके साइज के फ्लैट उपलब्ध हैं।

-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015

# कॉर्बेट पार्क के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने संभाला कार्यभार

रामनगर (उद संवाददाता)। यहां स्थित विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट नेशनल पार्क के नये निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने सोमवार को विधिवत कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने कार्यभार डॉक्टर धीरज पांडे से ग्रहण किया। पूर्व में कॉर्बेट पार्क के निदेशक रहे डॉ. धीरज पांडे को सरकार द्वारा कुमाऊं की जिम्मेदारी देने के बाद कॉर्बेट नेशनल पार्क के निदेशक का कार्यभार राजा जी नेशनल पार्क के निदेशक डॉक्टर साकेत बडोला को सौपा गया है। बता दें कॉर्बेट पार्क के नए निदेशक डॉ. बडोला वर्ष 2012 से 16 तक कॉर्बेट पार्क के उपनिदेशक भी रह चुके हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद निदेशक डॉक्टर बडोला ने बताया कि मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस रणनीति तैयार करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे ग्रामीणों के साथ एक बैठक आयोजित कर इन घटनाओं पर रोक लगाने के लिए योजना तैयार की जाएगी तो वहीं उन्होंने कहा कि मानसून सत्र को लेकर कॉर्बेट पार्क की सुरक्षा एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि पार्क में वन कर्मचारियों द्वारा पैदल गस्ती के साथ ही हाथी गस्त भी की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि कॉर्बेट के नाम पर धोखाधड़ी एवं पर्यटकों के साथ की जाने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिए भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रामनगर में पर्यटन कारोबार कैसे और अधिक बढ़ाया जा सके इसको लेकर भी इससे जुड़े स्टे होल्डरों के साथ सीक्रेट बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्क की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



# डीएम से की सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की मांग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों काशीपुर रोड पर एलायंस के सामने स्कूल बस से हुए भीषण सड़क हादसे के पीड़ितों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मामले में जिलाधिकारी से मुलाकात कर पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की मांग की। जिलाधिकारी से मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि घटना को 20 दिन बीत चुके हैं। 2 जुलाई को एनएच 74 एलायंस के सामने स्कूल बस से हुई भीषण सड़क दुर्घटना में अभी तक पीड़ितों की सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। पूर्व विधायक ठुकराल ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह से जल्द से जल्द पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने की मांग की। जिलाधिकारी ने पीड़ितों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान आनन्द वैध ,संजीत साहनी संजू, दुलाल मालिक, बंटी कोली,ललित बिष्ट आदि लोग मैजूद थे।



# यूसीसी के प्रावधानों को समयबद्धता के साथ अंतिम रूप दिया जाए : सीएम

देहरादून( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में समान नागरिक संहिता (यू.सी.सी) लागू करने की तैयारियों के सबंध में



सोमवार को सचिवालय में बैठक ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में यूसीसी लागू करने के लिए इसके अधीन संचालित होने वाली प्रक्रियाओं एवं नियमों को समयबद्धता के साथ अंतिम रूप दिया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यूसीसी के प्रावधानों को व्यवस्थित रूप से संपादित किये जाने के लिए गठित उप समिति के कार्यों एवं विभिन्न विभागों के स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही को भी शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने इस संबंध में विभिन्न स्तरों पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी को विधि वत लागू किये जाने से पूर्व सभी पहलुओं का गहनता एवं सजगता से अध्ययन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी के बारे में व्यापक स्तर पर जन जागरूकता भी लाई जाए। इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। यूसीसी के प्रावधानों को लागू करने के लिए गठित समिति के अध्यक्ष श्री शत्रुघ्न सिंह ने जानकारी दी कि इस सबंध में तीन उप समितियों का गठन किया गया। नियमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए गठित उप समिति की अब तक 43 बैठकें हो चुकी हैं, जो 31 अगस्त 2024 तक अपनी रिपोर्ट देगी। उन्होंने बताया कि नियमों के कार्यान्वयन में सुगमता और पारदर्शिता के लिए गठित उप समिति की 20 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, यह उप समिति भी 31 अगस्त 2024 तक अपनी रिपोर्ट देगी। क्षमता विकास और प्रशिक्षण के लिए बनाई गई उप समिति भी 30 सितम्बर 2024 तक अपनी रिपोर्ट देगी। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, प्रमुख सचिव न्याय श्री प्रदीप पंत, डीजीपी श्री अभिनव कुमार, विभिन्न विभागों के सचिव, समिति के सदस्यगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने किया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी/प्रशासक नगर निगम उदयराज सिंह ने सोमवार को ट्रेंचिंग ग्राउंड में लिगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यदायी संस्था को लिगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट में गति लाने के निर्देश दिये साथ ही कहा कि लिगेसी वेस्ट को ट्रीटमेंट कर आरडीएफ व वायोसायल को शीघ्र हटाया जाए। लिगेसी ट्रीटमेंट कार्य व उसका डिस्पोजल एनजीटी के मानकों के अनुसार वैज्ञानिक तरीके से किया जाये तथा ट्रीटमेंट व डिस्पोजल कार्य की फोटोग्राफी अनिवार्य रूप से करायी जाये। उन्होने कहा कि काफी हद तक कूड़ा हटा दिया गया है जिससे की अब ग्राउण्ड की दूसरे ओर की बाउण्ड्री दिखाई देने लगी है। जिलाधिकारी ने उप नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि जिस स्थान से कूड़ा हटा दिया गया है वहां मिट्टी भरान कर समतलीकरण करे व दवाईयों का छिडकाव भी कराये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट , उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी आदि मौजूद थे।



# सीएम ने 153 अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र



देहरादून। मुख्य सेवक सदन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत असिस्टेंट प्रोफेसर और शहरी विकास विभाग के अंतर्गत चयनित हुए अधिशासी अधिकारी कर व राजस्व निरीक्षकों के कुल 153 प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र वितरित सौंपे। मुख्यमंत्री धामी ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों व अधिकारियों को बधाई दी। सीएम धामी ने कहा मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी लोग अपनी लगन और निष्ठा से उत्तराखण्ड के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हमारी सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया गतिमान है. इसके साथ ही स्वरोजगार के माध्यम से भी युवाशक्ति की आर्थिकी को मजबूत बनाने के प्रयास जारी हैं। सीएम ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना, विकसित भारत और विकसित उत्तराखण्ड के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि पीएम के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षो में टेक्नोलॉजी, रोजगार, कौशल विकास के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। बीते 3 सालों में राज्य सरकार ने सरकारी विभागों में 15000 से भी ज्यादा युवाओं को नियुक्तियां दी है। राज्य में भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी बनाया गया है।

# एक ही स्थान में डटे अधिकारियों के ट्रांसफर करने के निर्देश

नैनीताल (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने सोमवार को जिला विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। जिला विकास प्राधिकरण सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी वंदना सिंह समीक्षा बैठक के दौरान वर्तमान में विभाग में रिक्त पदों, विभाग के कार्यों, प्रवर्तन कार्यवाही, अवैध निर्माण, चालान, ध्वस्तिकरण आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। बैठक के दौरान उन्होंने प्राधिकरण सचिव विजय नाथ शुक्ला को लंबे से एक ही स्थान में डटे अधिकारियों के ट्रांसफर करने के निर्देश दिए। कहा कि दो या उससे अधिक साल तक एक ही स्थान पर कार्यरत कर्मचारियों को सुपर विजन के साथ हल्द्वानी में कार्यरत कर्मचारियों को नैनीताल या अन्य जगहों में ट्रांसफर करने की बात कही। जिसमें बदलाव के साथ कार्य बेहतर ढंग हो सके।उन्होंने



आरडब्लूयडी के अधिकारियों से जनपद में पिछले दो साल में सिलिंग कार्यवाही, मल्टी स्टोरी, आवासीय कालौनी में हुई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने प्राधिकरण क्षेत्र में बिना नक्शे के कार्य करने वालों पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कहा कि नैनीताल के आस पास असुरक्षित स्थानों में बिना परमिशन के कोई पुनर्निर्माण या नए सिरे से कार्य कर रहा हो। कहा कि बिना नक्शे के निर्माण कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्राधिकरण सचिव को जांच के निर्देश दिए। उन्होंने प्राधिकरण में कार्यरत करीब 150 से अधिक आर्कीटेक्ट के लिए वर्कशाप लगाने के निर्देश दिए। जिससे नक्शों पर बार बार लगने वाली आपत्तियों आदि का निस्तारण आसानी से हो सके। इस दौरान उन्होंने सातताल, सूखाताल, खुर्पाताल आदि में प्राधिकरण के हो रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने विभाग में तैनात एई को प्राधिकरण के कार्यों का सर्वे कर रिपोर्ट देने की बात कही।

# आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए चलाया अभियान

हल्द्वानी( उद संवाददाता) ।शहर की सड़कों पर घूमते आवारा मवेशियों की धरपकड़ के लिए नगर निगम द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को शहर के चौक–चौराहों में बैठे करीब दर्जनभर से अधिक मवेशियों को काऊ केचर में पकड़कर गौशालाओं में छोडा गया। उप नगर आयुक्त तुषार सैनी उप नगर आयुक्त तुषार सैनी ने बताया कि जिलाधिकारी के द्वारा निराश्रित, आवारा पशुओं हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में सोमवार को प्रात: 5:30 बजे से 9 बजे के मध्य आवारा घूमते 10 गौवंश को पकड़ा गया तथा सांय 5:30 बजे 2 गौवंश को पकड़कर कुल 12 गोवंश को गौशाला में छोड़ा गया। उन्होंने कहा आवारा गोवंश को पकडने का अभियान नियमित चलाया जायेगा।



# स्मर्थ ज्योति वोकेशनल इंस्टीट्यूट में महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों महिलाएं: डा.जैन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति सरोज देवी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में सुमन निर्मल मिंडा फाउंडेशन द्वारा संचालित स्मर्थ ज्योति वोकेशनल इंस्टीट्यूट में महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें मुख्य वक्ता समिति की अध्यक्ष डॉक्टर उषा नरेंद्र जैन रही। कार्यक्रम का आयोजन समर्थ ज्योति वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर के को–ऑर्डिनेटर मि. राजीव नाथ ने किया।संचालन समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती राधा सुभाष ने किया। डॉ. उषा नरेंद्र जैन महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दौर नारीत्व का दौर है। हम सभी महिलाओं को अपने घर की आर्थिक स्थिति को ठीक करने के लिए अपने परिवार के कंधे से कंधा मिलाकर आगे आना होगा। आज करने के लिए संसाधन बहुत सारे हैं बस करने की दृढ इच्छा शक्ति अपने अंदर होना जरूरी है। अगर महिला ठान ले कि मुझे अपने परिवार के लिए कुछ करना है, तो परमात्मा कोई ना कोई रास्ता उनको दे ही देता है। उन्होंने कहा कि जो भी हम सीखें एक बड़ा लक्ष्य लेकर सीखें। मन लगाकर सीखें जो भी हम सीखें उसको अपने जीवन में लागू भी करें। उन्होंने बताया कि एक महिला परिवार की धुरी होती है पूरे परिवार का दारोमदार एक महिला के हाथ में होता है महिला चाहे जैसा भी बनाना चाहे अपने परिवार को वैसा बना सकती है। बहुत बड़ी असीम शक्तियों परमात्मा ने महिलाओं को दी है बस उन शक्तियों को जगाकर सही दिशा में लगाने की जरूरत है। डॉक्टर जैन ने कहा कि महिलाओं के हाथ में ही परिवार को संस्कार देना, परिवार का स्वास्थ्य, परिवार की सफलता होती है लेकिन उससे पहले हम महिलाओं के अंदर अच्छे संस्कार का होना, स्वास्थ्य के प्रति नॉलेज होना,सफलता का राज पता होना बहुत जरूरी है तभी हम अपने परिवार को ये सब दे पाएंगे, हमारे पास जो है वही हमारे परिवार को जाएगा, इसलिए हम महिलाओं का जीवन के हर पहलूओ से जागरूक होना,सतर्क होना, नॉलेज का होना बहुत जरूरी है। परिवार में अच्छे संस्कार होंगे तो अपने आप एक अच्छे समाज का निर्माण होगा। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है आज हमारे देश में महिलाओं के स्वास्थ्य की स्थिति लगातार गिरती जा रही है, महिलाओं में होने वाली बीमारियों में ब्रेस्ट कैंसर सबसे बड़ी और गंभीर बीमारियों में से एक है,आज हमारे देश में 75% महिलाएं खून की कमी से जूझ रही हैं उसके अलावा पॉलीसि स्टिक ओवरी सिंड्रोम, इंटरस्टीशियल सिस्टाइटिस, ओवेरियन और सर्विकल कैंसर,गर्भाशय फाइब्रॉएड,थायराइड,यह बीमारियां महिलाओं में थमने का नाम नहीं ले रही है। हर महिला को इस तरीके से जागरूक होना पड़ेगा कि यह बीमारियां न हो। डॉक्टर जैन ने उत्तराखंड सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बनाए गए गौरा शक्ति अप और उत्तराखंड पुलिस अप के बारे में भी महिलाओं को बताया। अंत में सभी महिलाओं को मेंस्ट्रूअल हाइजीन किट भी वितरित की गई। इस कार्यक्रम में महिला जागरूकता की उपाध्यक्ष श्रीमती राधा सुभाष मीडिया प्रभारी कविता रावत और ममता नेगी,सुमन तिवारी और समर्थ ज्योति वोकेशनल इंस्टीट्यूट के ट्रेनर्स ऋतुराज ब्यूटी ट्रेनर, मनजीत कौर सिलाई ट्रेनर,उसके अलावा लगभग 50 महिलाएं उपस्थित रही।



# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मना जेसीज स्कूल का स्थापना दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जेसीज पब्लिक स्कूल का 39वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। 'उड़ान' (इनक्रेडेबल इंडिया-ए ट्रेजर वियॉन्ड मेजर) विषय पर आधारित स्थापना दिवस समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 दीपा विनय ,कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो0 अतुल कुमार जोशी, विशिष्ट अतिथि बजाज ऑटो लिमिटेड के प्रमुख-समग्र गुणवत्ता कार्य अविनाश कुमार सिंह एवं कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 नागेन्द्र शर्मा ने विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों के साथ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यकम में






हम सभी के लिए यह गर्व का विषय है कि हमारे विद्यार्थी देश' -विदेश में उच्च पदों पर अपनी सेवाएँ देते हुए विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्य अतिथि डॉ0 दीपा विनय ने विद्यार्थियों को सम्बोधि व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हीं की प्रेरणा से वह आज इस मुकाम पर पहुँची हैं। यू-ट्यूबर नितीश राजपूत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से योगेन्द्र कुमार, हांगकांग से चीफ फाइनेंस आफिसर राजीव अरोरा, यूके में लंदन स्टॉक एक्सचेंज में कार्यरत मोहित अरोरा ने वीडियो संदेश भेजे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ स्वागत गीत एवं समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने पूर्णनिष्ठा से अपने कर्तव्य निर्वहन की शपथ ली। विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य वी0बी0 नैनवाल ने एक खूबसूरत कविता के माध्यम से उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हम आपके सहयोग से जेसीज को निरंतर नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए तत्पर हैं। जेसीज विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अपितु विभिन्न खेलों एवं प्रतियोगिताओं के लिए राष्ट्रीय स्तर की सर्वोत्तम सुविधाएँ प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। विद्यालय की सीनियर हेड श्रीमती कनक मदान ने सभी पूर्व विद्यार्थियों, आगंतुकों, अभिभावकों तथा प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय प्रबन्धन के सहयोग एवं निर्देशन में विद्यालय ने सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। विद्यालय में विभिन्न उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को







विद्यालय के अनेक पूर्व विद्यार्थियों ने शोभा बढ़ाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा ने अतिथियों का परिचय देते हुए उनका स्वागत किया तथा विद्यालय की उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आप सभी सीनियर विद्यार्थियों से मेहनत और प्रयत्न की सीख लेते हुए सभी इस उत्कृष्टता की विरासत को आगे ले जाएँगे। विद्यालय के निदेशक सुधांशु पन्त ने पूर्व विद्यार्थियों का परिचय देते हुए उनका अभिनन्दन किया। उन्होंने कहा कि त करते हुए कहा कि यदि किसी देश की आर्थिक स्थिति सुधारनी है तो पहले उस देश की शिक्षा पद्धति सुधारनी चाहिए। उन्होंने यह सुझाव दिया कि पूर्व विद्यार्थियों को अपने जूनियर विद्यार्थियों की भविष्य निर्माण में सहायता करनी चाहिए। प्रो0 अतुल कुमार जोशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम जो भी कार्य करें उसमें दक्षता हासिल करें। इसके साथ-साथ अपने प्रदेश की संस्कृति एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। विद्यालय की पूर्व छात्रा लेफ्टिनेंट कर्नल स्मिता गुप्ता ने शिक्षकों का आभार विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास के लिए हमेशा ही प्रयासरत रहा है। पूर्व छात्र गौरव डाबर, नितेश कुमार, अजय बंसल, पूर्व छात्रा दीपिका एवं नवप्रीत ने कहा कि अनुशासन, सीखने की योग्यता एवं क्षमता से ही मनचाहा लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता मिलती है। इसके साथ पेरिस से पूर्व छात्र आर्यन अग्रवाल, मेलबर्न से प्रज्ञा तिवारी तथा यूएसए से मेघा ने कार्यक्रम में ऑनलाइन सहभागिता करते हुए अपने अनुभव साझा किये तथा विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया। इसी श्रृंखला पूर्व छात्र पटना से आईपीएस सरस्वती वन्दना की मनमोहक प्रस्तुति से किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वीर तान्हा जी एवं अभिमन्यु की शौर्यगाथा पर आधारित मनमोहक नृत्य-नाटिका एवं फ्यूजन नृत्य, कलात्मक योग की प्रस्तुति तथा अतुल्य भारत-संगीतमय प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ-साथ एनसीसी कैडेट्स के द्वारा आकर्षक ड्रिल का प्रदर्शन किया गया तथा कैडेट्स को रैंक प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय पार्लियामेंट का शपथ ग्रहण जेसीज के समृद्ध अतीत एवं स्वर्णिम भविष्य के लिए अपनी शुभकानाएँ व्यक्त की। विद्यालय प्रबन्धन के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने कहा कि हमें अपने विद्यार्थियों को सफल उद्योगपति एवं व्यवसायी के रूप में तथा देश-विदेश में उच्च पदों पर आसीन देखकर अत्यन्त गर्व का अनुभव होता है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के चहुँमुखी विकास का जो प्रयास किया गया है उससे उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अनेक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। उन्होंने अभिभावकों को सम्मानित किया गया। समस्त अतिथियों एवं पूर्व विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न एवं प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धन समिति के इन्द्रजीत अरोरा, बच्चन सिंह, सुरेन्द्र गिरधर,अंकुर मित्तल,राजेश जिंदल, सी0एस0 साक्षी मित्तल, सी0ए0 अनमोल फुटेला, सी0ए0 मयंक शर्मा तथा वर्ष 2001 के प्रतिष्ठित पदों पर आसीन पूर्व विद्यार्थी, दिल्ली पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के प्रधानाचार्य चेतन चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## ऑपरेशन स्माइल में सराहनीय कार्य करने वाले कर्मियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था ए. पी. अंशुमान ने ऑपरेशन स्माइल की समीक्षा की। इस दौरान बताया गया वर्ष 2015 से चलाये गये अभियान में यह सबसे सफल अभियान रहा। अभियान में कुल 1370 गुमशुदाओं को बरामद किया गया, जिनमें 465 बच्चे, 391 पुरूष व 514 महिलाएं हैं। जनपद ऊधम सिंग नगर की टीम 1 एंटी ह्यूमन ट्रेफकिंग द्वारा सर्वाधिक गुमशुदाओं को बरामद किया गया। गोष्ठी में पुलिस मुख्यालय स्तर पर अभियान की नोडल अधिकारी श्रीमती



कमलेश उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, उत्तराखण्ड द्वारा अभियान के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। अवगत कराया गया कि जनपद देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर, नैनीताल में-04, शेष जनपदों व रेलवेज में-01 टीम कुल-26 तलाशी टीमें गठित की गयी। प्रत्येक टीमों की सहायता हेतु 01-01 विधिक (अभियोजन अधिकारी) एवं टेक्निकल टीम (डी0सी0आर0बी0) का भी गठन किया गया। गोष्ठी के दौरान अभियान में शामिल पुलिस कर्मियों एवं बरामद गुमशुदाओं के परिजनों द्वारा ऑपरेशन स्माइल के सम्बन्ध में अपने अनुभव साझा किए। अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली टीम प्रभारियों को एडीजी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी जीतो कंबोज समेत उनकी टीम में शामिल कर्मियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## विधायक के आश्वासन पर छात्र-छात्राओं का धरना समाप्त

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में अपनी विभिन्न मांगो को लेकर सांकेतिक तालेबंदी कर कॉलेज के गेट पर धरना दे रहे छात्र छात्राओं के बीच क्षेत्रीय शिव अरोरा धरना स्थल डिग्री कॉलेज गेट पर पहुँचे, जहाँ मांगो को लेकर आंदोलनरत छात्रों- छात्राओं की बात को विधायक शिव अरोरा ने सुना जिसमे छात्रों ने अपनी मांगे रखते हुए कहा की बढ़ी संख्या मे छात्र छात्राये एडमिशन से वंचित रह गये है और समर्थ पोर्टल पुन: खुलवाने व सांध्यकालीन कक्षायें प्रारम्भ करने सम्बंधित विषयों को रखा। विधायक शिव अरोरा ने छात्र- छात्राओं की सभी मांगों सुनकर कहा छात्र-छात्राओं की दोनों मांगे जायज हैं ।इसको लेकर वह उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत से वार्ता करेंगे और छात्रों को उनकी शिक्षा से वँचित नहीं रहने दिया जायेगा। विधायक ने रुद्रपुर महाविद्यालय को प्रस्ताव बनाने को कहा जिसमे दोनों मांगे समर्थ पोर्टल पुन: खोलने और सांध्यकालीन कक्षाओं को



प्रारम्भ करने को लेकर उच्च शिक्षा डायरेक्टरेट को प्रस्ताव बनाकर भेजने की बात कही। साथ हीं विधायक ने दूरभाष पर शिक्षा माध्यमिक डायरेक्टर को वार्ता कर इन दोनों मांगों को कुमाऊं यूनिवर्सिटी को भेजने की बात कही। विधायक ने कहा कि प्रदेश में युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार है जो सदैव छात्र हित की बात करती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अश्वस्त किया कि दोनों मागों को पूरा करवाया जाएगा विधायक ने कहा समर्थ पोर्टल सरकार के स्तर का विषय है जिसके लिये वह उच्च शिक्षा मंत्री से वार्ता कर इसको पुन: खुलवाने का प्रयास करेंगे। जिससे छात्र-छात्रांये एडमिशन से वँचित न रहे और जिनका रजिस्ट्रेशन समर्थ पोर्टल पर है उनको एडमिशन दिया जाये। विधायक ने कहा रुद्रपुर महाविद्यालय में बच्चों की संख्या इतनी अधिक है कि एक पाली मे कक्षाओं के माध्यम से बच्चों को पढ़ाना सम्भव नहीं होगा उसके लिये सन्ध्याकालीन कक्षाओं को आरम्भ कराना भी बहुत आवश्यक है जिसके लिये उन्होंने महाविद्यालय को प्रस्ताव बनाकर भेजनें को कहा है। शासन स्तर पर जो भी वार्ता करनी होंगी उसका वह प्रयास करेंगे। विधायक शिव अरोरा के आश्वास पर छात्र छात्राओं ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, राधेश शर्मा, जगदीश विश्वास, मनोज मदान, रोहित भट्ट,नवीन पाण्डेय, मयंक कक्कड़, शंकर विश्वास, परवेज खान, चंदन भट्ट, छात्र संघ अध्यक्ष कमल चंद जोशी, जसवंत सिंह, सचिव सचिनवर्मा ,रजत सिंह बिष्ट, नागेंद्र गंगवार,जस्वीर गंगवार, नेहा,किशन ठाकुर,दयाशंकर, विशाल ठाकुर,गजेंद्र गुप्ता, वासु गुम्बर व अन्य लोग मौजूद रहे।

## जनता संवाद में बेहड़ ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी। बेहड ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान के आदेश पारित किए। जनता संवाद में प्रात: से विधायक बेहड़ के कार्यालय पर क्षेत्रवासियों का तांता लगा रहा । जिसमें क्षेत्रवासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन, बिजली के बिल, पानी , स्वास्थ्य , शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी। श्री बेहड़ ने अपने कार्यालय में सभी क्षेत्रवासियों को पवित्र श्रावण मॉस के प्रथम सोमवार की बधाई दी तथा सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान वार्ड न०-08 से वार्ड वासियों ने 200 मीटर सड़क निर्माण कराये जाने की मांग



की,वार्ड न०-09 किच्छा से कमल सरकार ने वृधावस्था पेंशन लगाए जाने की मांग, सत्यपथ धाम किच्छा द्वारा दाह संस्कार हेतु जलौनी लकड़ी उपलब्ध कारायें जाने हेतु निवेदन किया गया। ग्राम अंजनिया से चेतराम, मंगलसेन, रामलाल, हेतराम,प्रवेश,धर्मेन्द्र सिंह,जीवन लाल,रजत गंगवार आदि गाँववासियों ने विधायक बेहड से गाँव में विधुत आपूर्ति हेतु 2 विधुत पोल लगायें जाने की मांग की। अधिकाँश समस्याओ का विधायक द्वारा मौके पर हि निस्तारण किया गया तथा सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निदान हेतुआदेशित किया।

## कन्या माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यशाला आयोजित

पंतनगर(उद संवाददाता)।आदर्श कन्या माध्यमिक विद्यालय पंतनगर में गुड टच/बेड टच/पॉक्सो एक्ट , किशोर न्याय अधिनियम,1098(चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर) के विषय पर महिला कल्याण विभाग(जिला प्रोवेसन कार्यलय) द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें जिला प्रोवेसन अधिकारी व्योमा जैन द्वारा सभी विद्यार्थियों को जिला बाल संरक्षण इकाई तथा स्वयं को सुरक्षित रखने हेतु तरीके तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर' 1098,113, 1930 आदि के संबंध में जानकारी दी तथा बच्चों को यदि कोई परेशानी, शिकायत या मदद चाहिए तो 1098 चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर 24घंटे नि:शुल्क सेवा लें , के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा बच्चों को बाल तस्करी केसंबध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में बच्चो को यदि उनके साथ कुछ गलत होता है तो उसकी सूचना 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन ,माता पिता, अध्यापक,दोस्त आदि को बताने हेतु समझाया गया तथा समय से पुलिस मैं रिपोर्ट कराने हेतु भी समझाया गया। अध्यक्ष बाल कल्याण समिति ऊधम सिंह नगर प्रेमलता सिंह द्वारा सभी को बाल कल्याण समिति तथा उसके दायित्व के संबध में जानकारी दी गई तथा सभी बच्चों को



किशोर न्याय अधिनियम से संबंधी विधिक जानकारी भी दी। कार्यशाला के प्रधानाचार्य,अध्यापिका चांदनी रावत ,चाइल्ड लाइन कॉर्डिनेटर रेखा (चाइल्ड हेल्पलाइन )आउटरीच वर्कर हरेन्द्र आदि उपस्थित थे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# आर्थिक विकास की नीतियां

आर्थिक समीक्षा से बजट की रूपरेखा का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसमें पिछले वर्ष की आर्थिक स्थितियों का लेखाजोखा पेश किया जाता है। इसी आधार पर आगामी वर्ष के लिए नीतियां निर्धारित होती हैं। इस वर्ष चूंकि आम चुनाव थे, पूर्ण बजट के बजाय अंतरिम बजट पेश किया गया था। अब इस वर्ष के लिए आम बजट पेश होने से पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि पिछला वर्ष आर्थिक विकास की दृष्टि से काफी महत्त्वपूर्ण रहा। कोरोना काल के बाद रोजगार के अवसर बढ़े हैं और बेरोजगारी की दर निरंतर घट रही है।भारत की कुल श्रमशक्ति में से सत्तावन फीसद स्वरोजगार में लगी हुई है। महंगाई के मोर्चे पर जरूर थोड़ी चुनौती उभरती रही है, पर अंतरराष्ट्रीय स्थितियों से तुलना करें तो इस पर अपेक्षाकृत काबू पाया जा सका है। इस वर्ष मानसून अच्छा रहने की वजह से जल्दी ही महंगाई की लक्षित दर हासिल कर ली जाएगी। इससे सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन भी बेहतर रहेगा। इस वर्ष विकास दर के साढ़े छह से सात फीसद रहने का अनुमान है। 2030 तक गैर-कृषि क्षेत्र में 78.5 लाख रोजगार सृजित करने की जरूरत रेखांकित की गई है। हालांकि वैश्विक मंदी की वजह से निर्यात के क्षेत्र में चुनौतियां बनी रह सकती हैं।पिछले वर्ष के आर्थिक रुझानों के आधार पर सरकार ने इस वर्ष निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ने का अनुमान लगाया है। इसके लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए बजट में प्रावधान किए जाएंगे। पहले से निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक बजटीय प्रावधान और योजनाएं लागू की जाती रही हैं। निजी उद्योगों की सुविधा के लिए कर, कर्ज आदि में छूट के अलावा श्रम कानूनों को लचीला बनाया गया। इससे पूंजीगत व्यय लगातार बढ़ा है। पिछले वर्ष निजी क्षेत्र के निवेश में नौ फीसद की बढ़ोतरी दर्ज हुई। वित्तमंत्री ने कहा है कि अब निजी क्षेत्र को अर्थव्यवस्था में अपना योगदान बढ़ाने का वक्त है। अगले वित्तवर्ष में बजट घाटा घट कर साढ़े चार फीसद तक रह जाने की संभावना जताई गई है। नए बजट में कृषि क्षेत्र पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस आर्थिक सर्वेक्षण में मुख्य रूप से हवाई सेवा क्षेत्र को बढ़ाने, शिक्षा और रोजगार के बीच संतुलन बिठाने, ड्रोन निर्माण में तेजी लाने और राज्यों की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जाहिर है, आम बजट में इन क्षेत्रों के लिए विशेष योजनाओं पर बल होगा। हालांकि इस सर्वेक्षण को विपक्ष ने अतिरंजित और आंकड़ों का खेल बताया तथा बजट में व्यावहारिक उपायों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी है। दरअसल, आंकड़ों में अर्थव्यवस्था की बुलंदी और व्यावहारिक धरातल पर बेहतरी के बीच कोई सहसंबंध नजर नहीं आता। एक तरफ तो आंकड़ों में तेजी से तरक्की करती अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर नजर आती है, मगर आम जनजीवन के स्तर पर बेहतरी के कोई संकेत नजर नहीं आते।बेशक सरकार महंगाई और बेरोजगारी पर काबू पाने का दम भरती है, पर हकीकत यह है कि लोग रोजमर्रा उपभोग की वस्तुओं की कीमतें बढ़ने और क्रयशक्ति घटने की वजह से परेशान हैं। रोजगार के मोर्चे पर युवाओं को भरोसे का कोई काम मिलना कठिन बना हुआ है। जिस निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन दिया जाता है, वह उस अनुपात में नौकरियां पैदा नहीं कर पा रहा। इसलिए बजट में अगर गंभीरता से व्यावहारिक नीतियों पर विचार नहीं होगा, तो मुश्किलें आसान नहीं होंगी।

# जनता दरबार में 13 शिकायतें हुई दर्ज

## जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं का किया समाधान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सोमवार को तहसील सभागार में जनता दरबार कार्यक्रम आयोजित हुआ। सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल जनता दरबार कार्यक्रम में विभागों के आला अधिकारी उपस्थित रहे। ताकि जनता की समस्या और शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा सके। जनता दरबार कार्यक्रम में विभिन्न इलाकों से आए हुए फरियादियों द्वारा अनेक समस्या और शिकायतें दर्ज करायी। जिसका समाधान जनता दरबार कार्यक्रम में किया गया। जनता दरबार कार्यक्रम में 13 समस्याएं/शिकायतें दर्ज हुई। डीएम ने कहा कि जनता दरबार कार्यक्रम में जनता की व्यवहारिक समस्याओं का अधिकारियों की मौजूदगी में तुरंत हल किया जा रहा है। जिनका समाधान नही हो पा रहा है,या शासन स्तर के मामले है,ऐसे मामलों को तय समय के भीतर निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है।जनता दरबार कार्यक्रम में जंगली जानवरों का भय होने,उन्होंने घर के पास



सोलर लाइट लगाने,अंत्योदय राशन कार्ड व दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने सम्बन्धी,कांडाधार में मकान के पीछे मलबा आने, ग्राम कठानी में बोल्डर गिरने से प्रभावित परिवारों द्वारा विस्थापन की मांग की गई लेकर अपनी समस्या रखी। की मांग की।जनता दरबार कार्यक्रम में बिजली,पानी,सड़क और राशन कार्ड को लेकर प्रमुख समस्या रही।जिस पर डीएम ने सभी अधिकारियों को को निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन की भी समीक्षा की। काफी लंबे समय से विभागों के पास लंबित शिकायतों को लेकर डीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुए जल निगम ,जलसंस्थान, वन,पीएमजीएसवाई को हिदायत देते हुए लंबित शिकायतों को शीघ्र समस्याओ का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन को लेकर विभागों की लापरवाही कतई भी बर्दाश्त नही की जाएगी। डीएम ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल को अधिकारी नियमित रूप से लॉगिंग करें ।जनता दरबार में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, उपजिलाधिकारी मोनिका,मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सोन, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनुपमा ह्यांकी, ईई जल संस्थान सीएस देवडी, जल निगम वीके रवि, ग्रामीण निर्माण विभाग संजय भारती, लघु सिंचाई विमल सूंठा, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार वर्मन, सेवायोजन अधिकारी प्रवीण गोस्वामी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मानसिक विकास में सहायक है चित्रकारी: गुरमीत कौर

देहरादून(उद संवाददाता)।प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर द्वारा नित्यानंद जन सेवा समिति आर्य समाज मंदिर स्कूल के नवीनीकरण के कार्य सृजन के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया गया। इस दौरान प्रथम महिला श्रीमती कौर ने कार्यक्रम में 25 स्वयं सेवियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा की गई।मुख्य अतिथि श्रीमती गुरमीत कौर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल में चित्रकारी का कार्य छात्र-छात्राओं के मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिसर की दीवारों के अलावा कक्षाओं के अंदर जिस प्रकार की चित्रकारी की गई है, विद्यार्थियों को संदेश देने का प्रयास किया गया है यह बहुत सराहनीय है।प्रथम महिला श्रीमती कौर ने कहा कि समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों से इस प्रकार के प्रयासों से सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के बीच की दूरी कम हो सकेगी। इस प्रोजेक्ट की विशेष बात यह है कि यह सारा कार्य समिति के



छात्र-छात्राओं को बेहतर परिवेश मिल सकेगा और उनमें सकारात्मक विचारों की उत्पत्ति हो सकेगी। उन्होंने कहा कि स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान करते हुए किया गया है, जो कि आज की युवा पीढ़ी के समाज के प्रति सृजनशीलता को दर्शाता है। पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने श्री स्वामी को भावहीन श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वामी जी का जीवन प्रेरणादायक रहा और वह बेहद ही सहज और सौम्या स्वभाव के व्यक्ति थे और मुझे उनके सानिध्य में रहकर कई वर्षों तक कार्य करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ। मुझे खुशी है कि समिति लगातार स्वामी जी के दिखाए गए मार्ग पर चलने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती ज्योत्सना शर्मा कोषाध्यक्ष के. के. अग्रवाल, सदस्य पी. पी. शर्मा, शुभा वर्मा, युवा संगठन जय के, अध्यक्ष विनायक शर्मा स्वामी, प्रेरणा गुलाटी, नितिका शर्मा, रितु, सिमरन राखी, विदित आदि उपस्थित थे।

# विधायक ने ग्रामीणों को बांटे मुआवजे के चेक

कपकोट(उद संवाददाता)। कपकोट तहसील के विभिन्न गांवों के लिए बनी सड़कों के भूमि कटान का मुवावजा काश्तकारो को दिया जा रहा है।कपकोट विधायक सुरेश गड़िया ने सड़क कटान में 114 काश्तकारों को उनके भूमि का मुवावजा राशि का वितरण कराया।तहसील कपकोट सभागार में स्थानीय विधायक गड़िया ने विभिन्न गांवों के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क



योजना के अन्तर्गत सड़क निर्माण में कटी नाप भूमि के 114 लाभार्थियों को 50 लाख 39 हजार की धनराशि के चैकों का वितरण किया।इस दौरान विधायक सुरेश गड़िया ने महरुडी मोटर मार्ग निर्माण में कटी नाप भूमि के छह लाभार्थियों को दो लाख 96 हजार, बैडा मझेड़ा;जारती;मोटर मार्ग निर्माण में कटी नाप भूमि के 48 लाभार्थियों को 20 लाख 22 हजार की धनराशि, रिखाडी-वाछम मोटर मार्ग निर्माण में कटी नाप भूमि के 35 लाभार्थियों को 17 लाख 52 हजार की धनराशि, रिखाड़ी-वाछम मोटर मार्ग पार्ट-4 निर्माण में कटी नाप भूमि के एक लाभार्थी को 50 हजार की धनराशि,बघर मोटर मार्ग निर्माण में कटी नाप भूमि के 15 लाभार्थियों को पांच लाख 42 हजार की धनराशि, शामा-नौकोडी मोटर मार्ग, कन्यालीकोट जगथाना मोटर मार्ग, मुनार बैंड से सूपी मोटर मार्ग, लीली मोटर मार्ग निर्माण में कटी नाप भूमि के नौ लाभार्थियों को तीन लाख 45 हजार की मुवावजा धनराशि के चौकों का वितरण किया गया।

# बाबा बागनाथ मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

बागेश्वर/गरूड़(उद संवाददाता)। बाबा बागनाथ मन्दिर में श्रावण मास केपहले सोमवार को सुबह की पहली पहर से ही भक्तों की भारी भीड़ लगने लगी, सुबह से ही मन्दिर में पूजा अर्चना करने करने के लिए भक्त लाइनों में लगकर अपनी बारी में बाबा बागनाथ मन्दिर में पूजा अर्चना, और शिव लिंग में भक्तों ने दूध और पवित्र सरयू के जल से बागनाथ जी का जलाभिषेक किया। वही पहले श्रावणी सोमवार को मन्दिर में भक्तों को सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने के लिए पुलिस द्वारा पर्याप्त व्यवस्था की गई थी।जहाँ पुलिस बल की टीम ने महिलाओं और पुरुषों को पूजा अर्चना के लिए लाइनों में लगाकर क्रमबद्ध तरीके से पर्याप्त व्यवस्था बना रखी थी। कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि श्रावणी मास के सोमवार को भक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा नही हो, इसके लिए नदी किनारे जल पुलिस और मन्दिर परिसर में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।वही बागनाथ मन्दिर के प्रधान पुजारी नन्दन सिंह रावल ने सभी श्रद्धालुओं को श्रावणी मास की बधाई देते हुए सभी भक्तों से मन्दिर परिसर में पूजा अर्चना के दौरान उचित सहयोग की अपील की।वहीं जिले के प्रमुख शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रही। वहीं श्रावण मास के प्रथम सोमवार को



क्षेत्र के शिवालयों में प्रात:काल से ही ऊँ नम: शिवाय मंत्र गूंजा। इस मौके पर मंदिर के पुजारियों व भोलेनाथ के भक्तों ने जलाभिषेक किया और बेलपत्री व फूलों से भगवान शिव का श्रृंगार किया। वर्षा के बीच भक्तों को जलाभिषेक के लिए लाइन लगानी पड़ी। क्षेत्र के प्रसिद्ध शिवालय बैजनाथ में पुजारी त्रिलोक गिरी गोस्वामी, चक्रवर्तेश्वर में पुजारी निरंजन गिरी महाराज ने भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार कर जलाभिषेक किया।

# धरमघर क्षेत्र में बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

धरमघर(उद संवाददाता)। दो जिलों की सीमा पर बसे धरमघर में इन दिनों बंदरो के झुंड ने तबाही मचाई हुई है, बंदरो के झुंड से आमलोगों का जीना मुहाल हो गया है।बंदरों के बढ़ते आतंक से लोग भयभीत है, जहाँ तहां बंदरो का झुंड लोगों के खेत खलिहानों से लेकर व्यापारियों की दुकानों में भी रखे सामान को नुकसान पहुंचा रहे हैं, दुकानदारों को हर पल बंदरो की पहरेदारी करनी पड़ रही है।पलक झपकते ही बंदर दुकान और घरों में रखे खाद्यान सामान सहित अन्य सामग्री को तितर बितर कर दे रहे हैं।वही रास्ते में लोग अपने साथ किसी भी सामग्री को ले जाने पर मौका मिलते ही झपट्टा मारकर सामान को छीन ले रहे हैं, जिस कारण लोग इनके आतंक से भयभीत हो गए हैं।क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लगातार बंदरो की संख्या बढ़ने से लोग अपने खेतों में काश्तकारी करने से भी बचने लगे हैं और मजबूरी में लोग खेती छोड़ने को विवश हो रहे हैं।वही गांवो में स्कूल आते जाते समय लोग अपने छोटे छोटे बच्चों को झुंड में एक साथ जाने को मजबूर है।वही लोग अपने बच्चों के साथ कभी भी कटखने बंदरो का हमला होने से आशंकित रहते हैं।वही धरमघर बाजार में एक महिला पर कटखने बंदरो ने हमला कर दिया, जिसके वह घायल हो गई।वही बाजार और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के विरोध के बाद भी चुपके सेबाहरी क्षेत्रों से बंदरो को ग्रामीण क्षेत्रों के जंगलों में छोड़े जाने से क्षेत्रवासियों में वन विभाग और जिला प्रशासन के खिलाफ नाराजगी है। साथ ही कभी भी कोई हादसा होने पर इसकी जिम्मेदारी भी लेने,कभी भी कटखने बंदरो द्वारा किसी पर हमला कर घायल करने पर वन विभाग कर्मियों का घेराव और आंदोलन की चेतावनी दी है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से तुरंत बंदरो के आतंक से निजात नही दिलाने पर स्थानीय जनता के साथ धरमघर बाजार में आंदोलन और चक्काजाम करनेके साथ ही आंदोलन शुरू करने की भी चेतावनी दी है।वही क्षेत्र के लोगों ने वन क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द बंदरो के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।ज्ञापन देने वालों में राज्य आंदोलनकारी राजेन्द्र सिंह कार्की, पीएल वर्मा, धीरज वर्मा,वीरेंद्र सिंह, मनोज पाठक,शिव दत्त पांडेय, देवकी नन्दन पाठक,धीरज वर्मा, साहिन हसन, परवेज हसन,महिपाल सिंह,आनंद सिंह, देव सिंह कोरंगा,मंगल सिंह राठौर, नन्दन सिंह आदि मौजूद थे।वही रेंजर प्रदीप कांडपाल ने बताया कि जल्द क्षेत्र में बंदरों को पकड़ने के लिए टीम बुलाई जाएगी।

# श्रीमद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का हुआ समापन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गांधी पार्क के पास वीर हकीकत राय मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर धर्मशाला में आयोजित श्रीमद भागवत कथा भक्ति ज्ञान महायज्ञ के



समापन में पहुंचकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कथा कथावाचक 14 वर्षीय व्यास श्रीकृष्णा शरण जी महाराज जी समेत पूरी टीम को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भागवत कथा श्रवण से जीवन के कई पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है साथ ही समाज में भी भाईचारा और आपसी सदभाव बढ़ता है।पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम में समाज कोई धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है । उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है। युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरतत है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ संस्कारों का ज्ञान देना भी जरूरी है। धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान विजय जगा, हरीश धीर ,सतीश धीर ,चेतन धीर, कनिका धीर,प्रीति धीर,नीतीश धीर, संदीप धीर,कृष्ण मुरारी धीर,सुमन, किरण ,कंचन,निमित्त मिश्रा ,विनोद शुक्ला ,सुस्वानी, दीपक अरोरा, अजय चड्ढा, मनीष गोस्वामी, मंजू अरोरा, सुरेश पुंसी, रुचि अरोरा ,कमला रानी ,बंटी कोली, ललित बिष्ट,विशाल मेहरा आदि भी मौजूद रहे।

# हरकी पैड़ी से ढाई लाख कावंड़ियों ने भरा गंगाजल

## हरिद्वार में लगा कांवड़ियों का तांता,डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

हरिद्वार। सावन के पहले सोमवार के साथ ही हरिद्वार में कांवड़ मेले की शुरुआत हो गई है। कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए सोमवार 22 जुलाई को डीजीपी अभिनव कुमार हरिद्वार पहुंचे और हरकी पैड़ी पर मां गंगा की पूजा-अर्चना की. डीजीपी अभिनव कुमार ने हरिद्वार के सीसीआर भवन में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक भी की। बैठक में डीजीपी अभिनव कुमार ने कांवड़ मेले में पुलिस की व्यवस्थाओं की समीक्षा की और वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों को ब्रीफ किया. डीजीपी ने सबसे पहले यातायात व्यवस्था की समीक्षा की. इसके साथ ही डीजीपी अभिनव कुमार ने कांवड़ मेले को लेकर अपने पुराने अनुभव शेयर किए। डीजीपी अभिनव कुमार ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वो संयम के साथ ड्यूटी करे. जितनी हो सके हरिद्वार आने वाले शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा करें. हरिद्वार कांवड़ मेले 2024 को सकुशल संपन्न करना पुलिस की जिम्मेदारी है. आपस में समन्वय बनाकर मेले की प्राथमिकताओं पर ध्यान दे। बैठक में बाद डीजीपी ने कई व्यवस्थाओं को निरीक्षण भी किया। वहीं जिला एवं पुलिस प्रशासन ने हरकी पैड़ी पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ की यात्रियों के लिये व्यापक इंतजाम किये गये हैं। श्रावण मास के पावन पर्व में कांवड़ में जल भरने वालों का धर्मनगरी हरिद्वार में तांता लगा रहा है। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार पहले दिन कुल 2 लाख 40 हजार से अधिक कांवड़ यात्रियों ने गंगा जल भरा। सांध्यकालीन आरती तक के इस आंकड़े को पुलिस और प्रशासन की गणना के अनुरूप जारी किया गया है। बता दें कि 23 जुलाई यानी आज मंगलवार से 27 जुलाई तक पंचक रहेगा। इसमें बांस की खरीदारी आदि करना वर्जित है। इसके चलते अधिकांश कांवड़ यात्रियों ने पहले दिन ही गंगा जल भरकर पहले सोमवार को ही धर्मनगरी के विभिन्न शिवालियों में जलाभिषेक किया। 27 जुलाई तक पंचक लगा रहेगा, जिसके चलते 28 से प्रतिदिन करीब चार से पांच लाख यात्रियों के आने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस और प्रशासन ने पहले दिन कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। इसके चलते किसी यात्री की जनहानि नहीं हुई। पुलिस के मुताबिक पहले दिन गंगा घाट के किनारे जल भरते समय एक कांवड़ यात्री के डूबने की सूचना मिली। हालांकि जल पुलिस ने उसे सुरक्षित बचा लिया और प्राथमिक चिकित्सा के बाद यात्री जल लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हुआ।





## उपजिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण का किया आहवान

केलाखेड़ा( उद संवाददाता)। जल संरक्षण और वृक्षारोपण अभियान के तहत उप जिलाधिकारी ने केबीएन एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पौधारोपण किया। उप जिलाधिकारी बाजपुर द्वारा नगर के मदरसा गरीब नवाज ,मदरसा फरुकिया, के प्रांगण में अमरूद आम अंजीर आदि फलदार पौधे रोपित किये। इस दौरान उप जिलाधिकारी राकेश चंद तिवारी ने जल संरक्षण और जल संचय की दिशा में तेजी से कार्य करने और नदियों और जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण के लिए प्रभावी प्रयास



करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान मदरसा प्रबंधक निजाम अख्तर, अधिशासी अधिकारी आदेश कुमार, निवर्तमान नगर अध्यक्ष अकरम पठान, मोहम्मद ताहिर, नगर पंचायत , सफाई नायक मेहबूब खां, लिपिक हिमांशु चौधरी उर्फ सोनू, हनीफ, इमरान कुरेशी, साजिद, अंसारी, दानिश अंसारी, अब्दुल्ला पठान, सईद अहमद उर्फ बड़े, वसीम अंसारी, आदि लोग उपस्थित थेvवहीं केलाखेड़ा क्षेत्र में हुई बरसात के कारण भवन और मार्गों के टूटने के बाद वृक्षारोपण कार्यक्रम में निवर्तमान नगर अध्यक्ष अकरम पठान द्वारा उप जिलाधिकारी से अति शीघ्र सर्वे कर मार्गों का पुनर्निर्माण करने की मांग की गई जिस पर उप जिलाधिकारी ने अतिशीघ्र उक्त समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## भुवन कुमाऊं मंडल अध्यक्ष व अनिल उपाध्यक्ष बने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने व्यापार मंडल कार्यकारणी का विस्तार करते हुए हल्द्वानी के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं समाजसेवी भुवन भट्ट को कुमाऊं मंडल अध्यक्ष पद पर एवं अनिल बेलवाल को कुमाऊं मंडल उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया और साथ ही उनसे आशा व्यक्त की कि व्यापारी हित के लिए वह हमेशा व्यापारियों के साथ खड़े रहेंगे। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारी ने बधाई दी। जिनमें महानगर अध्यक्ष डिंपल पांडे, महामंत्री परविंदर सिंह नागपाल, मुखानी मंडल अध्यक्ष दिगंबर भोजक, महामंत्री बृजेश जोशी, प्रदेश सचिव अमित चौहान, विकास शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण दत्त बडोला, जिला प्रभारी अतुल प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष चंदन बिष्ट, गोपाल सिंह बिष्ट, संजय सिंह मुकेश जोशी, विक्रम बरगली, नफीस अहमद, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, तमाम पदाधिकारी शामिल हैं।




## पेज एक का शेष...

**मोदी सरकार के बजट में...**सेक्टर में पहली बार नौकरी की शुरुआत करने वालों को एक महीने का वेतन दिया जाएगा। यह वेतन डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए तीन किस्तों में जारी होगा। इसकी अधिकतम राशि 15 हजार रुपये होगी। ईपीएफओ में पंजीकृत लोगों को यह मदद मिलेगी। योग्यता सीमा एक लाख रुपये प्रति माह होगी। इससे 2.10 करोड़ युवाओं को फायदा होगा। सरकार रोजगार में प्रवेश करने वाले 30 लाख युवाओं को भी फायदा देने जा रही है। यह फायदा भविष्य निधि यानी पीएफ में एक महीने के योगदान के रूप में होगा। वित्त मंत्री ने कहा हमारी सरकार प्रधानमंत्री पैकेज के हिस्से के रूप में रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के लिए तीन योजनाएं लागू करेगी। ये ईपीएफओ में नामांकन पर आधारित होंगी और पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों की पहचान और कर्मचारियों और नियोक्ताओं को सहायता पर ध्यान केंद्रित करेंगी। वित्त मंत्री ने बजट में बिहार की सड़क-संपर्क परियोजनाओं के लिए 26 हजार करोड़ रुपये देने का ऐलान किया। इससे पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे का विकास होगा। बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा सड़क संपर्क परियोजनाओं का भी विकास होगा। बक्सर में गंगा नदी पर दो लेना वाला एक अतिरिक्त पुल बनाने में भी मदद होगी। बिहार में 21 हजार 400 करोड़ रुपये की लागत से विद्युत परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। इसमें पिरपैंती में 2400 मेगावॉट के एक नए संयंत्र की स्थापना भी शामिल है। बिहार में नए एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेजों और खेलकूद की अवसंरचना का भी निर्माण होगा। पूंजीगत निवेशों में सहायता के लिए अतिरिक्त आवंटन उपलब्ध कराया जाएगा। बिहार सरकार के बहुपक्षीय विकास बैंकों से बाह्य सहायता के अनुरोध पर तेजी से कार्यवाही होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा इस वर्ष हमने शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। बजट में किसानों और कृषि क्षेत्र के 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस फंड से कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों के लिए योजनाएं बनाई जाएंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा किसानों द्वारा खेती के लिए 32 खेत और बागवानी फसलों की 109 नई उच्च उपज वाली और जलवायु लचीली किस्में जारी की जाएंगी। अगले 2 वर्षों में, 1 करोड़ किसानों को प्रमाणीकरण और ब्रांडिंग द्वारा समर्थित प्राकृतिक खेती में शामिल किया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा हमने पीएम गरीब कल्याण योजना को 5 साल के लिए बढ़ाया है। इससे 80 करोड़ से अधिक गरीबों को लाभ हो रहा है। बजट में एमएसएमईएस और विनिर्माण का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। उनके तनाव की अवधि के दौरान बैंक ऋण जारी रखने की सुविधा के लिए नई व्यवस्था का ऐलान किया गया है। साथ ही मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख कर दी गई है।

**सड़क चौड़ीकरण के लिए...** कालौनिया भी है। इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में सिडकुल के लिए कर्मचारियों/वर्करों का आवागमन होता है, स्कूली बच्चों के वाहन तथा विभिन्न कालौनियों में रहने वाले लोगों का सिडकुल एवं बाजार के लिए आवागमन होता है। यह रास्ता अत्यधिक संकरा / चौड़ाई में काफी कम होने के कारण इस मार्ग पर आये दिन जाम की स्थिति बनी बनी रहती है तथा अनेक बार दुर्घटनायें भी हो चुकी है जिससे स्कूलों में बच्चो को सिडकुल में आने जाने वाले कर्मचारियों को तथा बीमार एवं गम्भीर रोगियों को हास्पिटलों तक लानें व ले जाने में एम्बुलेन्सों को भी अत्यधिक दुविधाओं का सामना करना पड़ता है। जिस कारण इस मार्ग का अविलम्ब चौड़ीकरण एवं डामरीकरण जनहित में किया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनहित में उक्त मार्ग का चौड़ीकरण एवं डामरीकरण कराने हेतु सम्बन्धित विभाग को प्रभावी रूप से निर्देशित किया जाये। ज्ञापन देने वालों में मनोज ठाकुर जितेंद्र संधू बंटी मंडल सतपाल सिंह रावत राज कोहली देवेंद्र गिरी रोहित कलर प्रसाद संधू दिनेश नेगी लालजी सिंह आदेश भारद्वाज विजय भान सिंह लकी देवी सुरभी सिंह शैलजा सिंह प्रीति कटिया अनीता शुक्ला मुन्ना सिंह आदेश भारद्वाज विजय भान प्रवीण गोद प्रवीन शर्मा ओम प्रकाश जयंत हालदार रोहित जयंत हालदार मनोज तोमर जैन हालदार सुरेंद्र भारद्वाज सुरेंद्र भारद्वाज रविंदर कौशिक प्रदीप जी से रावत देवेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे

**व्यापार मंडल चुनाव रोकने ...**रोकने के निर्देश प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल को दिए थे। चुनाव प्रक्रिया रोकने की सूचना पर चुनाव कराए जाने के पक्षधर प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों सहित तमाम लोगों में आक्रोश व्याप्त है। तमाम व्यापारियों के साथ इस मामले को लेकर विधायक तिलकराज बेहड़ ने धरना शुरू कर दिया। धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने बेहड़ से वार्ता कर धरना समाप्त करने का आहवान किया लेकिन उन्होंने साफ कहा कि जब तक चुनाव कराने की घोषणा नहीं होगी तब तक धरना जारी रहेगा। काफी देर तक एसडीएम से वार्ता आखिरकार विफल रही। समाचार लिखने तक धरना जारी था।धरना स्थल पर अभय सिंह, इम्तियाज मलिक, राजेश प्रताप सिंह, अध्यक्ष पद प्रत्याशी गुलशन सिंधी, महामंत्री प्रत्याशी शिवकुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रत्याशी नीरज बजाज, कांग्रेस नेता हाजी सरवर यार खां, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोहली, व्यापारी इम्तियाज मलिक, बंटी पपनेजा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, एन यू खान, विमल भारती, लियाकत अंसारी, पूर्व सभासद केलावती, कांग्रेस महिला नेत्री सुनीता कश्यप, ताराचंद सिंधी, धर्म सिंधी, जीवन जोशी, विनोद मौर्य सहित सैकड़ों लोग धरने पर मौजूद थे।

**मध्यम वर्ग और...**स्लैब में बदलाव से टैक्सपेयर्स कम से कम 17500 रुपये बचा पाएंगे। (न्यू टैक्स रिजीम बदलाव के बाद 0 से 3 तक लाख तक की आमदनी पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। 3 से 7 लाख की आय पर 5% आयकर देना होगा। 7 से 10 लाख की आय पर 10% आयकर देना होगा। 10 लाख से 12 लाख की आय पर 15% आयकर लिया जायेगा। 12 लाख से 15 लाख की आय पर 20% आयकर देना होगा। जबकि 15 लाख से ज्यादा की आय पर 30% आयकर लगेगा। इसके अलावा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इनकम टैक्स प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दो-तिहाई लोगों ने नया टैक्स रीजीम को चुना। लोगों में और न्यू टैक्स रिजीम और लोकप्रिय बनाने के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन को बढ़ाया गया है। साथ ही टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है। इससे पहले पिछले साल न्यू टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया था। जिसमें 0 से तीन लाख पर 0 फीसदी, 3 से 6 लाख पर 5 फीसदी,6 से 9 लाख पर 10 फीसदी,9 से 12 लाख पर 15 फीसदी,12 से 15 लाख पर 20 फीसदी और 15 से ज्यादा लाख पर 30 फीसदी आयकर लगाया गया था। अब ये टैक्स स्लैब खत्म हो गया है।

**देहरादून की राज्य कर..**लेकर विभाग के सेन्ट्रल कार्यालय के निर्देश पर आज देहरादून से राज्य कर विभाग की इंटेलीजेंस टीम के एसआईओ विकास शुक्ला, आईओ संजय सिंह राणा व कंवलजीत सिंह यहां पहुंचे और प्रतिष्ठान में दोनों फर्मों के द्वारा किये जा रहे कारोबार के बारे में छानबीन की। इस दौरान अधिकारियों ने फर्म का स्टॉक भी चेक किया गया मगर समाचार लिखे जाने तक फर्म में कोइ अनियमित्ता नही मिल सकी थी। यहां समाचार लिखे जाने तक टीम द्वारा सर्वे कार्य जारी था।

**आस्ट्रेलिया भेजने ..**गौरव यादव के खाते में डेढ़ लाख रुपए अलग अलग तारीखों में ट्रांसफर कर दिए। इसके अलावा आरोपियों ने उससे साढ़े सात लाख रुपये 3 फरवरी को नगद ले लिए। आरोप है कि 4 फरवरी को उसे फ्लाइट में यह कह कर बैठाया गया कि ऑस्ट्रेलिया जा रहे हो। वहां उनका आदमी उसे रिसीव कर लेगा। लेकिन उसे अजरबैजान भेज दिया गया। वहां पर वह भूखा प्यासा रहा और किसी तरह भाग कर शहर में पहुंचा। इसके बाद एजेंटों ने उसे पड़कर जॉर्डन भेज दिया। वहां भी उसे भूख प्यास रखा गया। पीड़ित ने जब आरोपियों से खुद के साथ भी धोखाधड़ी को बताया तो असर खान और आशु ने उसे भरोसा दिलाया कि उसके पैसे वापस कर देंगे। अब आरोपी उसके पैसे नहीं दे रहे हैं। पीड़ित ने मामले में मुकदमा दर्जकराया है।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर। किशोरी को अगवा कर उसके साथ बलपूर्वक दुष्कर्म किए जाने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को आईटीआई पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी जानकारी जुटाने के बाद अभियुक्त को जेल रवाना कर दिया।जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने बीते 22 जून को आईटीआई पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ग्राम मुकुंदपुर थाना आईटीआई निवासी बदल पुत्र स्वर्गीय महेंद्र ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर अगवा करने के बाद उसके साथ जोर जबरदस्ती बलात्कार किया। विरोध करने पर आरोपी द्वारा दुष्कर्म पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी गई।


### सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा विवाहित पुत्र नीरज हमारा मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न कर रहा है, वह आये दिन हमारे साथ अभद्र व्यवहार करता है जिससे दुखी और परेशान होकर हमने अपने पुत्र नीरज और उसकी पत्नी से हमेशा के लिए सम्बंध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल और अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से हमारा नीरज के साथ किसी प्रकार का रिश्ता नहीं है। वह अपने किसी भी अच्छे बुरे कार्य एवं लेन-देन के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा।

-बलवीर सिंह पुत्र स्व. मोती राम, राजश्री पत्नी बलवीर सिंह,निवासी-गंगापुर रोड, निकट जेपीएस, फुलसुंगी, रूद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री SHRUTI के विद्यालय अभिलेखों में उसका नाम त्रुटिवश SHRUTI ARORA दर्ज हो गया था,जबकि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम SHRUTI है। अत: भविष्य में हर मौके पर मेरी पुत्री को SHRUTI के नाम से ही जाना पहचाना और लिखा जाए।

मनोहर लाल पुत्र श्री देशराज
निवासी-ग्राम रामेश्वरपुर,पो.ओ.
लालपुर,जिला उधम सिंह नगर

### सूचना

मीक फार्मा प्राइवेट लि लिमिटेड क. न U24230UR2005PTC000876 पं का. ग्राम लालपुर रुद्रपुर किच्छा रोड उधम सिंह नगर रुद्रपुर - 263153 (उत्तराखण्ड)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है की कम्पनी मीक फार्मा प्राइवेट लिमिटेड अब कम्पनी वेलकॉन एनिमल हेल्थ प्रा. लि. (क न- U33111UP2015PTC067989)की सहायक (सब्सिडियरी) कम्पनी हो गयी है और वेलकॉन एनिमल हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड इसकी बहु संख्यक अंश धारी (होल्डिंग कम्पनी) कहलाएगी। कम्पनी मीक फार्मा प्राइवेट लिमिटेड के कार्य को सुचारु रूप से करने के लिए निदेशक मण्डल को पुनर्गठित कर दिया गया है जिसके अन्तर्गत समस्त कार्यों का अनुपालन किया जायेगा ऐवम पूर्व के निदेशक श्रीमान नीलेश चम्पकलाल शाह, भूपेन्द्र भाई जीवाभाई पटेल और कृति विरल शाह का किसी भी प्रकार का अधिकार व हस्तक्षेप नहीं रहेगा। सर्व साधारण को यह भी सूचित किया जाता है की कम्पनी मीक फार्मा प्राइवेट लिमिटेड नए निदेशक मण्डल के माध्यम से संचालित होगी जिसमें उक्त निदेशक नहीं रहेंगे क्योंकि उन्होंने स्वेच्छा से अपने अपने त्यागपत्र कम्पनी को सौंप दिये हैं।

वास्ते
मीक फार्मा प्राइवेट लिमिटेड
अंकुर अग्रवाल
चेयरमैन व निदेशक
स्थान - रुद्रपुर



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# हवाई साबित हुए सीपीयू के तमाम दावे

## यातायात व्यवस्था को और सुगम बनाने के डेमो में दिखाए गए थे सब्जबाग, धरातल पर कुछ भी नहीं हुआ



काशीपुर(उद संवाददाता)। आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने एवं यातायात व्यवस्था को और सुगम बनाने के निमित्त तैनात की गई सिटी पेट्रोल यूनिट(सीपीयू) की टीम स्थानीय लोगों समेत वाहन चालकों के लिए जी का जंजाल बन गई है। सीपीयू के तमाम दावे हवाई साबित हुए। लोगों का कहना है कि आरंभिक दौर में आम जनता के बीच अपना विश्वास बनाने के लिए सीपीयू ने जो डेमो दिखाएं थे वह धरातल पर कहीं भी नहीं है। चेन स्नेचिंग, बाइक चोरी लूट जैसी दुस्साहसिक घटनाओं में कोई कमी नहीं है। और तो और शहर की बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने में सीपीयू किस हद तक सक्रिय है स्वयं देखा जा सकता है। ज्ञातव्य है कि क्षेत्र में अपराध के तेजी से बढ़ते ग्राफ तथा बिगड़ी यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने की खातिर कुछ वर्ष पूर्व सीपीयू की तैनाती की गई। स्पोर्ट्स स्टेडियम के मैदान पर सीपीयू ने अपने डेमो में बहुत से ऐसे प्रदर्शन किये जिससे लोगों में भय मुक्त समाज का विश्वास जगा। शुरुआती दौर में व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए या फिर कहिए आम जनता के बीच अपना विश्वास जमाने के लिए सीपीयू ने कुछ हद तक कसरत की लेकिन इसके बाद सीपीयू की कार्यवाही एवं मुस्तैदी का फंडा ही बदल गया। आपको बता दें कि शहर में अधिकांश जाम की नौबत अवैध अतिक्रमण के कारण हो रही है। सीपीयू के अधिकारी एवं जवान इस ओर कभी निगाह नहीं करते। टांडा उज्जैन तिराहे से मुरादाबाद रोड पर ढेला पुल तक स्कूल एवं अस्पतालों के अलावा बड़े शोरूमों के संचालकों ने हाईवे को पार्किंग बना दिया है। इसी तरह बाजपुर रोड एवं रामनगर रोड पर भी बड़े शोरूमों के सामने वाहन आड़े तिरछे ढंग से खड़े रहते हैं जिससे कई बार गंभीर दुर्घटनाएं घटित होती है या फिर ट्रैफिक व्यवस्था चरमराने के कारण भीषण जाम लग जाता है लेकिन सीपीयू को इन बातों से कोई सरोकार नहीं है वह महत्वपूर्ण स्थानों पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराकर महज ड्यूटी की औपचारिकता कर रहे हैं। इसी तरह टांडा उज्जैन चौराहे पर मैजिक वालों ने तथा फल के कारोबारियों ने हालात बदतर कर रखे हैं लेकिन सब कुछ देख कर भी अनदेखा करने का काम किया जा रहा है। फल विक्रेताओं द्वारा अवैध तरीके से किए गए अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा हटा दिया गया लेकिन फल विक्रेता आज भी उक्त स्थान पर खड़े होकर प्रशासन का माखौल उड़ा रहे हैं। उधर सीपीयू की कार्यशैली को लेकर क्षेत्र के ट्रांसपोर्टों का यदि बयान सुन लिया तो होश फाख्ता हो सकते हैं। मुरादाबाद रोड पर महेशपुरा पुलिया से ढेला पुल तक हाइवे किनारे ट्रकों को प्रतिदिन कतारबद्ध खड़े देखा जा सकता है लेकिन बोलने वाला कोई नहीं। और तो और राजकीय चिकित्सालय के गेट पर ई रिक्शा वालों का यदि आपने आतंक देख लिया तो निश्चित रूप से आप भी सीपीयू की कार्यशैली पर सवाल खड़े करेंगे।

### सड़कों पर बेलगाम हो चुके हैं ई रिक्शा चालक

काशीपुर। वैसे तो कोतवाली पुलिस एवं यातायात कर्मी ई रिक्शा चालकों को समय-समय पर अनुशासन का पाठ सिखाते रहते हैं लेकिन इसके बावजूद बैटरी रिक्शा चालकों की उदंडता कहीं से भी कम होने का नाम नहीं ले रही है। बात करें यदि दुर्घटनाओं के बढ़ते ग्राफ की तो बैटरी रिक्शा चालक एक्सीडेंट जैसी घटनाओं में बड़े खतरे की घंटी है। सड़कों पर रिक्शे को आड़ा तिरछा खड़ाकर सवारियां भरना, चौराहों तथा प्रमुख स्थानों पर हुड़दंग काटना व्यवस्था में घातक साबित हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि पिछले कुछ समय से यूपी की सीमा से लगे दर्जनों रिक्शा चालक काशीपुर में रिक्शा चला रहे हैं। अधिकांश के पास लाइसेंस नहीं है तो कई नाबालिक ड्राइवर टुक-टुक लेकर सड़कों पर फर्राटा भरते देखे जा सकते हैं।

### राजस्व में चले गए करोड़ों, नहीं सफल हुआ हेलमेट अभियान

काशीपुर। दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता जरूरी करने के बावजूद काशीपुर में वाहन चालक सीपीयू के लिए आज भी चुनौती बने हैं। बात करें बगैर हेलमेट जुर्माना वसूल किए जाने की तो अब तक सरकार के राजस्व में करोड़ों रुपए चले गए लेकिन अभियान 50% भी सफल नहीं हो पाया। काशीपुर की सड़कों पर आज भी बगैर हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों को खुली आंख फर्राटा भरते देखा जा सकता है। इसी तरह ट्रिपल राइडिंग, प्रेशर हॉर्न, पटाखा बुलेट, एवं बगैर दस्तावेज सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों की भी यहां भरमार है।

# सेवानिवृत होने पर प्राचार्य डा. सतविंदर कौर को दी यादगार विदाई

## श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय में समारोह आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सतविंदर कौर के सेवानिवृत होने पर महाविद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षिकाओं व छात्राओं द्वारा उन्हें एक यादगार विदाई दी गई। इस मौके पर महाविद्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सभी वक्ताओं ने प्राचार्या डा. सतविंदर कौर के कार्यकाल की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया। सुखद आश्चर्य यह है कि डा. सतविंदर ने लगातर 42 वर्ष इसी कालेज में अपनी सेवायें दी। पहले अग्रेजी प्रवक्ता, फिर अग्रेजी विभागाध्यक्षा, फिर प्राचार्या के पद पर छात्राओं के भविष्य को संवारने के प्रति समर्पित रहीं। कालेज को अग्रिम बनाने में भी उनका सहयोग रहा। कालेज के अग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों को श्रेष्ठता दिलाने में उनके प्रयास अति सहारनीय है । श्री सनातन धर्म के प्रधान महेश बब्बर, कालेज के मुख्य प्रवन्धक ओम प्रकाश अरोरा, उप प्रबन्धक विजय मिड्डा, सरपरस्त नन्दलाल भुड्डी, रोहिताश बत्रा, जुगल किशोर बॉम्बा, जगनलाल नारंग, आरपी सिंह आदि ने उनके योगदान की सराहना कर उन्हें सम्मानित किया। डा. सतविन्दर अंग्रेजी में पीएचडी ही नही बल्कि अंग्रेजी में डी लिट भी है। अग्रेजी मे डी लिट करने वाली वो पूरे क्षेत्र में एक कुशल शिक्षिका एवं एक मात्र महिला है। साथ साथ उच्च कोटि की लेखिका एवं विचारक हैं। उनके द्वारा लिखी पुस्तके सरोजनी नायडू पोयट्री: ए मेलोडी से आफ इन्डियनैस, शब्द गुरु, इन्डियन कल्चर, से सोशियो प्रोफाईल, इन्डियनैस के इन प्री एण्ड पोस्ट इनडियेनेड्स देश विदेश में ख्याति प्राप्त कर चुकी है। उनकी पांचवीं किताब जो अभी हाल में ही रिलीज हुई है दि भागवत गीता: भगवान के गीत सबके लिये विशेष तौर में युवा पीढ़ी के लिये एक ज्ञान का खजाना है जो उन्हें सिर्फ गीता के गीत की महिमा ही नही बल्कि मानवीय मूल्यों से जोड़ेगी। वक्ताओं ने कहा कि डा. सतविंदर सिर्फ कुशल प्रधानाचार्या ही नहीं बल्कि ज्ञानी एवं अनुभवी शिक्षिका भी है। 2007 से 2009 तक एनएसएस प्रभारी के रूप में और 2011-12 में पजांबी महासभा की अध्यक्षा के रूप में कई समाजिक कार्यक्रम और जागरूकता अभियान चलाये। रक्त दान महा दान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संगोष्ठी की। कई समाजिक बुराई की रोकथाम, अशिक्षा अभिशाप, कन्या भूण हत्या आदि, पालीथीन उन्मूलन आदि। डा . कौर शब्द गुरु ऐकेडेमी की भी संचालिका है जिसमे हर साल 25 बच्चों को निशुल्क शिक्षा एव गुरबानी का ज्ञान देती है। वो अपने आप में महिला सशक्तिकरण का जीवन्त उदाहरण है। क्यों कि विद्यालय के प्रति समर्पण, गृहस्थ में सक्षम और समाजिक कार्यक्रमो मे भागेदारी उन्हें एक अदिश महिला बनाती है। उनके विद्यार्थी अपने आप में गर्व महसूस करते है। डा. सतविन्दर की मेहनत, लगन समर्पण की सराहना करते हुए प्रवन्ध कमेटी एवं साथी शिक्षिकाओं और छात्राओं ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डा. कौर ने कॉलेज की स्मृतियों को सुनकर प्रबंधन कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्राओं द्वारा अनेक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। विदाई कार्यक्रम के दौरान छात्राओं व शिक्षिकाओं की आंखों से आंसू छलकते रहे। इस दौरान डा. ज्योति, डा. शिल्पा, डा. चंपा, डा. रजनी, डा. श्वेता, डा. रेखा, डा . भावना, डा. गीता, सोनिया, गुंजन, नीतू, विद्या, रश्मि, भावना व हिमानी सहित समस्त कालेज स्टॉफ तथा छात्राएं उपस्थित थी।





# निवर्तमान पार्षद राठौर ने एसएचओ पर लगाया अभद्रता करने का आरोप

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। निवर्तमान पार्षद ने ट्रांजिट कैंप के एसएचओ पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए विधायक शिव अरोड़ा और एसएसपी मंजूनाथ टीसी को प्रार्थना पत्र सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए थाने के बाहर खड़े रहे। लगभग 10 बजे वह थाने के अन्दर जाकर खड़े हो गए। वह पार्षद होने के नाते अरविन्द राठौर के परिवार वालों के बुलाने पर गये थे। राठौड़ का आरोप है कि तभी एसएचओ अपने ऑफिस से निकले और उन्हें गलत भाषा का उपयोग के साथ ये ऐसा व्यवहार करते हैं तो आम जनता के साथ तो क्या नही करते होंगे। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एसओ के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वह थाने के समक्ष धरना शुरू कर देंगे।



प्रार्थना पत्र में वर्तमान पार्षद कैलाश राठौड़ ने कहा कि गत रात्रि लगभग 9 बजे वह डीके गंगवार के साथ थाना ट्रॉजिट कैम्प गए थे। वार्ड 7 आजादनगर शमशान घाट पर गोलीकाण्ड हुआ था और दूसरी घटना अरविन्द राठौर नाम के व्यक्ति से भदईपुरा के दो लड़कों द्वारा मारपीट की गई थी। उनका कहना है कि वह लगभग 1 घंटे तक कर बाहर जाने को कह दिया।अपना परिचय देने के बाद भी उनसे अभद्रता की गई।तभी एसआई प्रकाश भटट से पूछा कि उन्होंने बुलाया है तो उन्होंने इस बात पर हामी भरी। उसके बाबजूद भी एसएचओ का व्यवहार नहीं बदला वो यही बात दोहराते हैं कि इसको यहां से बाहर निकालो। राठौड़ ने कहा कि जब वार्ड के एक पार्षद विधायक शिव अरोरा ने कहा कि वह इस संदर्भ में ट्रॉजिट कैम्प थानाध्यक्ष से वार्ता करेंगे। इस दौरान उत्तरी मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, डीके गंगवार, राकेश राजपूत, राजेंद्र राठौड़, नुक्ता प्रसाद राठौर, छेदालाल राठौर, मदन दिवाकर, विधान राय, धर्मेंद्र राठौर, राधे सनातनी, सूरज राठौड़, चंद्रपाल, राजपाल आदि लोग मौजूद थे।

# कैबिनेट मंत्री ने आपदा पीड़ितों को बांटे आर्थिक चेक

सितारगंज (उद संवाददाता)।बाल प्रभावित 410 लोगों को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने 5 हजार की अहेतुक राशि के चेक वितरित किए। चेक प्राप्त करने वाले प्रभावित निर्धन, वृद्ध और असहाय लोगों के चेहरे खिल गए। उन्होंने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार जताया। चेक वितरित कार्यक्रम में सितारगंज शहर के अलावा लौका, गोठा से लाभार्थी पहुंचे थे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने पर्यावरण संतुलन को लेकर वन विभाग की तरफ से पौधे भी वितरित किए। मंगलवार को शिविर के माध्यम से कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक प्रतिनिधि उमा शंकर दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता आदेश ठाकुर, सुखदेव सिंह, विजय सलूजा, सुरेश जैन आदि ने सितारगंज क्षेत्र और लौका, गोठा के करीब 410 बाढ़ से पीड़ित परिवारों को 5000 और ढाई हजार राशि के चेक वितरित किए। हाल ही में हुई बरसात के बाद शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव के कारण लोगों को काफी आर्थिक क्षति पहची थी। इसकी सूचना कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को दी गई। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित परिवारों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। सूची निर्धारित होने के बाद मंगलवार को सभी बल प्रभावित पीड़ितों को चेक वितरित दिए गए है। इस मौके पर पूर्व सभासद रवि रस्तोगी, दीपक रावत, अकरम बैग, पंकज रावत, अमित रस्तोगी, शहनवाज हुसैन आदि मौजूद थे।



